



# दैनिक भारतीय बस्ती






भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 152 बुधवार 25 दिसम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### बस्ती के बालमुकुंद आकाश द्वारा अभिनीत शार्ट फिल्म 'विषाद' फेस्टिवल में चयनित




–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । रंगमंच के वरिष्ठ रंगकर्मी बालमुकुंद आकाश पिछले तीस वर्षों से भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा बस्ती ईकाई के वरिष्ठ कलाकार रहे हैं। इन्होंने अनेकों नाटकों में अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन किया है और करते चले आ रहे हैं। इन्होंने अनेकों फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं अभिनीत की हैं।

शार्ट फिल्म 'विषाद' में बालमुकुंद आकाश ने मुख्य भूमिका में एक रिक्शेवान की भूमिका को अपने उत्कृष्ट अभिनय से जीवंत किया है। फिल्म की शूटिंग अयोध्या धाम में हुई है। फिल्म निर्मात्री शुभांगी मिश्रा ने बताया कि शुभांगी फिल्म के बैनर तले बनी शार्ट फिल्म 'विषाद ' न्यू जर्सी, इन्डियन ऐंड इन्टर नेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयनित कर लिया गया है।बस्ती रंगमंच के लिए यह बड़े गौरव और आनन्द का क्षण है।

### महिला जन सुनवाई में आये 27 मामले



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । राज्य महिला आयोग सदस्या उ0प्र0, श्रीमती ऋतु शाही ने सर्किट हाउस सभागार में 27 मामलों की महिला जन सुनवाई की। उन्होने कहा कि शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व स्वावलम्बन को लेकर काफी सजगता से कार्य किया जा रहा है। सभी महिलाए अपने अधिकारों एवं दायित्वो के प्रति सजग हो, जिससे महिलाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों में वृद्धि न हों।

जनसुनवाई के दौरान सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी हितेन्द्र कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी बीना सिंह, महिला थानाध्यक्ष डा. शालिनी सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नागेन्द्र त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### किशोर के मौत मामले में दारोगा निलम्बित

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। नंगाकर किशोर की पिटाई प्रकरण में एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने एसएचओ कप्तानगंज दीपक दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। संतकबीरनगर जिले से कप्तानगंज थानाक्षेत्र स्थित अपने ननिहाल संग हुई इस अमानवीय घटना के बाद किशोर ने सोमवार को दिन में आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि ननिहाल में रह रहे किशोर संग कुछ लड़कों ने मिलकर बेशर्मी की हद पार कर दी। उसके कपड़े उतार उसे नंगा कर दिया और अश्लील वीडियो बनाया था। साथ ही उसके मुंह पर पेशाब भी कर दिया। इसकी शिकायत जब पुलिस से की गई तो दो आरोपितों को पकड़कर थाने लाया गया और बाद में दोनों को छोड़ दिया गया था। इस पूरे घटनाक्रम से आहत परिजन व ग्रामीण शव लेकर कप्तानगंज थाने पहुंचे थे। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा तो इंकार कर दिया था। वे शव लेकर परिजन एसपी कार्यालय चले गए और गिरफ्तारी होने के बाद ही पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग पर डटे थे। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी के समझाने के बाद शव पीएम के लिए भेजा गया था। कप्तानगंज पुलिस ने रात में ही मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपितों को पकड़ लिया था। पुलिस कप्तान ने एसएचओ कप्तानगंज को निलंबित करते हुए विभागीय जांच शुरू करा दी है।

## चुनाव नियमों में बदलाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



नई दिल्ली (आभा)। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 में हालिया संशोधनों को चुनौती दी गई और कहा गया कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से खत्म हो रही है। सरकार ने सीसीटीवी कैमरों और वेबकास्टिंग फुटेज के साथ–साथ उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने के लिए एक चुनाव नियम में बदलाव किया है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी संभालने वाले चुनाव आयोग को इतने महत्वपूर्ण कानून में शनिर्लज्ज तरीके से एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

चुनाव संचालन नियम, 1961 में हाल के संशोधनों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक रिट दायर की गई है। चुनाव आयोग, एक संवैधानिक निकाय, जिस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, उसे एकतरफा और सार्वजनिक परामर्श के बिना अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण कानून को इतने निर्लज्ज तरीके से संशोधित करें। यह विशेष रूप से सच है जब वह संशोधन आवश्यक जानकारी तक सार्वजनिक पहुंच को समाप्त कर देता है जो चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाता है। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से खत्म हो रही है। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे बहाल करने में मदद करेगा।चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर, केंद्रीय कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93(2)(ए) में संशोधन किया।

### सेना की ट्रक खाई में गिरी, 5 जवानों की मौत

श्रीनगर (आभा)। जम्मू–कश्मीर के पुंछ सेक्टर में मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। सेना की एक ट्रक 300 फुट गहरी खाई में गिर गया, जिससे 5 जवानों की मौत हो गई और कई घायल हैं।

व्हाइट नाइट कोर की ओर से बताया गया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और घायल जवानों का इलाज किया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुंछ जिले में मंगलवार शाम एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। यह दुर्घटना घरोआ इलाके में उस समय हुई, जब सेना का ट्रक जिले के बनोई जा रहा था।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर संगोष्ठी में विमर्शः उत्पादों के शुद्धता पर जोर

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जनपद बार एसोशियन के कक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में ' आज के दौर में भारतीय उपभोक्ता' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की संरक्षण के लिए 24 दिसंबर 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम प्रभावी हुआ है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार सुरक्षा सूचना विकल्प कहना शिकायत और निवारण उपभोक्ता अधिकार के साथ ही साथ छह अधिकार मिले हैं। पूर्व सदस्य एवं वर्तमान मध्यस्थ उपभोक्ता न्यायालय बस्ती




महादेव प्रसाद दूबे ने कहा कि इस कानून ने उपभोक्ताओं को अधिकार दिया है कि उन्हें उत्पाद की गुणवत्ता शुद्धता के बारे में जानकारी मिलनी चाहिए।

गोष्ठी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ की महासचिव मंजू पाण्डेय ने कहा कि उपभोक्ता के तौर पर अधिकारों को जानना बहुत जरूरी है। जबकि बाजार को कुछ नैतिकता और मूल्यों पर चलना चाहिए, कभी–कभी लोग हमारा शोषण कर सकते हैं । जनपद बार एसोशियन के संयुक्त मंत्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि अगर हम अपने अधिकारों के बारे में अच्छी तरह से नहीं जानते। अधिकारों के बारे में जागरूकता हमें एक ग्राहक के तौर पर अपने लाभों को अधिकतम करने और बाजार में वस्तुओं और सेवाओं के नैतिक प्रवाह को सक्षम करने में मदद करती है।

अध्यक्षता करते हुये अधिवक्ता कृष्ण कुमार उपाध्याय ने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए बने अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू किया जाय। उपभोक्ताओं के लिए अधिकारों के बारे में शिक्षित होना और उन्हें अपने दैनिक जीवन में उनका पालन करना महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्ण मुरारी मिश्र, पारसनाथ तिवारी, अविनाश कुमार शुक्ल, राकेश पाण्डेय, श्रीमती विजयश्री मिश्रा, शीतला प्रसाद पाण्डेय, ऋतुराज पाण्डेय, धनंजय कुमार, जगदम्बा शुक्ल, सन्तोष कुमार पाण्डेय के साथ ही अनेक अधिवक्ता और नागरिक शामिल रहे।

## बाबा साहब के अपमान के विरोध में बसपा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापनः गृह मंत्री अमितशाह के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की मांग





–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष जयहिन्द गौतम के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमितशाह द्वारा बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के विरूद्ध दिये गये वक्तव्य के सम्बन्ध में सोच विचारकर संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुये प्रभावी कदम उठाया जाय।

मंगलवार को बसपा नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता हजारों की संख्या में पार्टी का झण्डा लिये कटेश्वर पार्क स्थित बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष एकत्र हुये और माल्यार्पण के बाद पद यात्रा करते हुये 'बाबा साहब अमर रहे, अमित शाह माफी मागो, लोकतंत्र में ताना शाही नहीं चलेगी, 'बाबा साहब के सम्मान में' बहन जी मैदान में आदि का नारा लगाते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। यहां डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष जयहिन्द गौतम, कल्पनाथ बाबू, सीताराम शास्त्री, लवकुश पटेल, राजेन्द्र गौतम, यशवन्त निगम, के.के. गौतम, ओम प्रकाश गौतम, अतर सिंह गौतम, प्रेमसागर, राम सागर, आशुतोष सिंह, प्रमोद कुमार, आर.डी. प्रेमी, शैलेन्द्र गौतम, राजीव राव, दिवाकर कपूर, नवमी प्रसाद, देशराज, प्रदीप कुमार आदि ने कहा कि गृह मंत्री अमितशाह द्वारा बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के विरूद्ध दिये गया वक्तव्य गहरी असंवेदशीलता व जातिवादी मानसिकता को भी प्रदर्शित करता है। इससे बहुजन समाज के आत्म सम्मान और स्वाभिमान को काफी ठेस पहुंची है। समाज में काफी आक्रोश है। बाबा साहब ने संविधान का निर्माण कर लोकतांत्रिक मूल्य प्रदान किये। उनका अपमान और अनादर स्वीकार्य नहीं है। अमित शाह अपने बयान के लिये देश से माफी मांगे वरना बहुजन समाज उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगा।

राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से रामचेत निराला, रामकरन गौतम, भवानीभीख, राम सरोज, रामफेर गौतम, युगुल किशोर, के.पी. राठौर, महेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, सुभाष चौधरी, अलीम अहमद, अजय कुमार, कृष्णा आजाद, प्रदीप, सुभाष चौधरी, निसार अहमद, शिवशंकर, शाका चौधरी, रामदास एडवोकेट, डा. राम जियावन, राम प्रसाद आर्या, शिवराम कन्नौजिया, बनवारीलाल कन्नौजिया, रामसुधि वर्मा, विष्णु आनन्द, डा. लाल बहादुर, कृपाशंकर, रघुनन्दन आजाद, अखिलेश, सन्तराम, अनिल आजाद, केशव मौर्या, राम सरोज, उमाशंकर राव, नेबूलाल, राम निवास, अनूप कुमार, सनोज, राकेश कुमार, हिमांशी, शशिकला, सरिता, अनीता देवी, सुनीता, किरन, प्रर्मिला, रामरती, अजोरा के साथ ही हजारों की संख्या में बसपा नेता, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## भाजपा नेता रिकूं दूबे ने डीएम को सौंपा ज्ञापनः महिला अस्पताल में तैनात डा. आशुतोष शर्मा के डिग्रियों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती ।भारतीय जनता पार्टी नेता रिकूं दूबे ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जिला महिला चिकित्सालय में तैनात कथित फर्जी डिग्री के आधार पर नियुक्त डा0 आशुतोष शर्मा को दूरस्थ स्थानान्तरित करते हुए इनके डिग्री की अन्य विभाग से जांच कराये जाने एवं इनको संरक्षण देने वाले संलिप्त अधिकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग किया।

ज्ञापन में भाजपा नेता रिकूं दूबे ने कहा है कि उन्हें पता चला है कि जिला महिला चिकित्सालय बस्ती में रेडियोलाजीस्ट के पद पर नियुक्त डा0 आशुतोष शर्मा ने एम0डी0 रेडियोडायग्नोसिस का तीन वर्षीय कोर्स आनलाईन मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रदर्शित करके धोखे से पद प्राप्त किया व वर्तमान अधीक्षक डा0 अजय कुमार वर्मा से सॉठ–गांठ करके अल्ट्रासाउण्ड मशीन के सापेक्ष अपना पीसीपीएनडीटी रजिस्ट्रेशन करा लिया जबकि ऐसी कोई डिग्री इनके पास नहीं है, इस प्रकार खेल करके सरकार व जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा



किया जा रहा है। अपने बचाव के लिए इन्होने अधीक्षक से प्रार्थना पत्र प्रमाणित करा कर अपने पास रख भी लिया है कि ''उनका डिप्लोमा पीसीपीएनडीटी के सुसंगत नियमों को पूर्ण करने में सक्षम नहीं है'' इसी क्रम में अधीक्षक ने भी एक मार्गदर्शन पत्र निदेशालय को माह अगस्त 2024 मे प्राप्त कराकर प्रति अपने पास सुरक्षित रख लिया जिससे कि जांच–पड़ताल में दोनों लोग अपनी जान बचा सके व अपने जालसाजी पर पर्दा डाल सकें।

डीएम को ज्ञापन देने के बाद भाजपा नेता रिकूं दूबे ने बताया कि उनके द्वारा मुद्दा उठाये जाने पर भेद खुलने के डर से डा0 अशुतोष ने अधीक्षक की मिलीभगत से मानव सम्पदा पर आनलाईन प्रदर्शित डाटा को बदलवा लिया । नये डाटा के अनुसार इन्होने ग्लोबल मुक्त विश्वविद्यालय नागालैण्ड से सोनोग्राफी का पत्राचार कोर्स किया है विश्वविद्यिायल से सम्पर्क करेन पर पता चला कि उनके द्वारा इस तरह का कोई कोर्स नहीं कराया जाता।जबकि ऐसे पत्राचार कोर्स की मान्यता न तो मेडिकल काउंसिल आफ इंण्डिया देता है और न ही पीसीपीएनडीटी अधिनियम। इन्होने जब आनलाईन अपनी डिग्री व योग्यता ही बदलवा लिया तो बिना पर्याप्त डिग्री के अपने पद पर कैसे बने रह सकते हैं इसमें बहुत बड़ा खेल है और जिम्मेदार लोगों ने निजी स्वार्थ हेतु बात को दबाये रखा है।

भाजपा नेता रिकूं दूबे ने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय बस्ती में ही शासन से चयनित व नियुक्त होकर डा0 विमल कुमार द्विवेदी ने अपना ट्रेनिंग डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीच्यूट आफ मेडिकल साइंस, लखनऊ से पूर्ण किया है व डिग्री लेकर वहीं तैनात हैं परन्तु उनका अल्ट्रासाउंड मशीन के सापेक्ष न तो रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है और नही उनसे कार्य लिया जा रहा है।

भाजपा नेता रिकूं दूबे ने मांग किया है कि डा0 आशुतोष वर्मा का स्थानान्तरण दूरस्थ किया जाए जिससे जांच प्रभावित न हो व उनका अन्य विभाग के प्रशासनिक अधिकारी जैसे कि मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती से पारदर्शी तरीके से जाचं कराई जाए और सच्चाई पाये जाने पर उनके विरूद्ध व उनके इस कृत्य में संलिप्त अधिकारी पर भी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए।

## कूड़े में मिली बापू की प्रतिमाः कांग्रेस ने दिया धरना

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डा. अम्बेडकर का अपमान किये जाने के बाद देशभर में लगी आग अभी शांत नही हुई कि बस्ती में महात्मा गांधी के अपमान का मामला सामने आ गया। जानकारी होने के तुरन्त बाद कांग्रेस पार्टी के लोगों ने मौके पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा कूड़े के ढेर में मिली है।

जिला पंचायत भवन को ध्वस्त कर नया भवन निर्माण किये जाने की प्रक्रिया चल रही है। पुराने भवन के सेन्ट्रल हाल में गांधीजी की प्रतिमा लगी थी। भवन ध्वस्त करने से पहले फर्नीचर, अभिलेख और अन्य सामान सुरक्षित कर दिया गया लेकिन गांधीजी की प्रतिमा कूड़े के ढेर पर फेंक दी। मामला तूल पकड़ता देख जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी विजय प्रकाश वर्मा ने मान मनौव्वल शुरू कर दिया। माफी मांगते हुये धरना प्रदर्शन खत्म करने का आग्रह किया लेकिन कांग्रेसी मानने को तैयार नही थे। जिला उपाध्यक्ष गिरजेश पाल ने कहा महापुरूषों का सुनियोजित अपमान किया जा रहा है। पहले राज्यसभा में अमित शाह के द्वारा डा. अम्बेडकर का अपमान और अब बस्ती में गांधीजी का। इसे कांग्रेस किसी कीमत पर बर्दाश्त नही करेगी।

धरना प्रदर्शन के दौरान अतीउल्लाह सिद्धीकी, जिपंस. अनिल कुमार भारती, अवधेश सिंह, रामधीरज चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर अड़े थे। फिलहाल जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी विजय प्रकाश द्वारा ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिये जाने के बाद कांग्रेसियों ने धरना खत्म कर दिया। ठेकेदार शिवप्रसाद को अपर मुख्य अधिकारी द्वारा मेमो जारी कर उनसे तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसमें लिखा है कि महात्मा गांधी की प्रतिमा को उचित स्थान पर सम्मानजनक तरीके से रखवाने का निर्देश जारी किया गया था। फिर किन परिस्थितियों में प्रतिमा को कूड़े के ढेर पर रखा गया।

## शिक्षा के बाजारीकरण के विरोध में मेधा ने चलाया जन जागरूकता अभियान



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। ' सारे बच्चे राष्ट्र धरोहर, सबकी शिक्षा एक समान, जिसकी जैसी–जैसी मेधा उसका वैसा हो सम्मान' का संदेश लेकर मेधा पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता दीन दयाल तिवारी के संयोजन में सोनूपार चौराहे के निकट पत्रक देकर जन जागरूकता अभियान चलाते हुये सहमति पत्र भराया गया।

सम्पर्क अभियान के दौरान दीन दयाल तिवारी ने शिक्षा के कालाबाजारी और बाजारीकरण में सुधार के लिये जन सहयोग मांगा। कहा कि शिक्षा के बाजारीकरण एवं शोषणकारी व्यवस्था में सुधार हो इसके लिये मेधा संस्थापक अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शुक्ल पूर्व आईएएस ने संघर्ष करते हुए उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय तक विजय हासिल कर गरीबों को मुफ्त शिक्षा पाने का हक दिलाया। दशमोत्तर कक्षाओं में सभी शिक्षण, प्रशिक्षणं संस्थानों में सभी जातियों को अनुसूचित एवं जनजाति की भांति फीस भरपाई एवं वजीफे का हक दिलाया। निजी शिक्षण संस्थानों में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक गरीब बच्चों को निःशुल्क प्रवेश 25ः सीट का हक दिलाया, इसके बावजूद अभी तक शत प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल रहा है।

दीन दयाल तिवारी ने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों के द्वारा प्रत्येक वर्ष मनमानी तरीके से फीस वसूली एवं मनमानी ढंग से किताबों में बदलाव एवं मनमानी तरीके से प्रत्येक वर्ष रजिस्ट्रेशन शुल्क की वसूली एवं कपड़े से लेकर किताब कॉपी के अलावा अन्य वस्तुएं तक निश्चित दुकानों पर ही मिलती है । ऐसी स्थिति में मेधा पार्टी शिक्षा के बाजारीकरण एवं शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ शिक्षा क्षेत्र में शोषण खत्म करने की दिशा में जन जागरुकता अभियान शुरू किया है। कहा कि जागरूकता से ही शिक्षा के बाजारीकरण पर अंकुश लग सकेगा।

कार्यक्रम में गणेश प्रसाद दूबे, सुरेन्द्र प्रधान, राजू दूबे, कमलेश दूबे, रामबोध तिवारी, श्रीराम, रामगरीब, ग्रीश चन्द्र गिरी नगेन्द्र मिश्र, प्रशान्त मिश्र, आदि ने सहमति पत्र भरते हुये कहा कि शिक्षा को बाजार से मुक्ति दिलाने के लिये मेधा की पहल सराहनीय है।

सम्पर्क और सहमति पत्र भराने के दौरान दीन दयाल तिवारी के साथ मुख्य रूप से रूद्र आदर्श पाण्डेय, राहुल दूबे, ज्ञानचन्द्र दूबे, गौरीशंकर चौधरी, विनोद दूबे, भीम सिंह, रवि प्रकाश दूबे, संजय प्रधान, राजेश्वरी पाण्डेय, रामचन्द्र दूबे, राजकुमार मिश्र, चंदन दूबे, राम अभिषेक उपाध्याय, कृपाशंकर चौधरी, निसार अहमद, रामबूझ तिवारी, कलेक्टर तिवारी सुमन्त पाण्डेय, विजय कुमार पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर पूर्व होमगार्ड से 5 लाख वसूलाः मांगने पर दिया धमकी भारत मुक्ति मोर्चा ने सौंपा ज्ञापनः मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती। बेटे को होमगार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रूपये की रिश्वत लिये जाने, दबाव बनाने पर सुलह समझौता द्वारा ढाई लाख रूपया दिलाकर फर्जी आख्या लगा दिये जाने के मामले में मंगलवार को भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन के नेतृत्व में मोर्चा पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि प्रकरण की जांच कराकर मुकदमा दर्ज कराते हुये कार्रवाई की जाय।

ज्ञापन देने के बाद भारत मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष आर.के. आरतियन ने बताया कि हर्रैया तहसील क्षेत्र के गोभिया निवासी रगई प्रसाद होमगार्ड के पद पर कार्यरत था। डयूटी के समय ए०डी०सी० पद पर कार्यरत रामचरन सिंह ने कहा कि तुम्हारे लड़के को तुम्हारे स्थान पर नौकरी लगवा दूंगा तो उसने कहा साहब कैसे लगवा देगें तो उन्होंने कहा कि रंगई का विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर आप के लड़के का नौकरी लगवा दूंगा। नौकरी लगवाने के लिए काफी पैसा खर्च करना पड़ेगा तो उसने पाँच लाख रूपया विश्वास करके विभाग में होने के कारण दे दिया। ए०डी०सी० रामचरन सिंह अब तक न नौकरी दिला पाये और न पैसा वापस कर रहे है । रामचरन सिंह नौकरी को रिटायर होने से 3 माह शेष बचा है। जब वह ए०डी०सी० रामचरन सिंह के पास जाता है तो कहते है कि नौकरी लगवा दूंगा लेकिन पूरा 2 साल हो गया आज तक नौकरी नहीं लगी और पैसा मागते है तो कहते है कि नौकरी 3 महीना शेष बचा है फिर कहते है कि नौकरी लगवा दूंगा किसी से मत कहना। व्यक्तिगत रूप से मिलने के बाद उन्होने जाति सूचक गालिया देकर कार्यालय से भगा दिया । मांग किया कि प्रकरण की जांच कराकर दोषी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाय।


ज्ञापन सौंपने वालों में स्वयं रंगई प्रसाद के साथ ही चन्द्रिका प्रसाद, राजेश कुमार, जय प्रकाश, राहुल, विकास कुमार, दुर्गेश कुमार आदि शामिल रहे।

## होमगार्ड की पिटाई मामले में नया मोड़ः सिपाही के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । वाल्टरगंज थाने में तैनात होमगार्ड को हेड कांस्टेबल द्वारा मारने–पीटने के मामले में नया मोड़ आ गया है। जिला अस्पताल से इलाज कराने के बाद मंगलवार को होमगार्ड सुनील कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर हेड कांस्टेबल राकेश यादव के विरूद्ध समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की मांग किया है।

प्रकरण की शिकायत होमगार्ड ने एसपी गोपालकृष्ण चौधरी से भी किया है। इस बावत सीओ सदर सतेन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जांच की जा रही है। जांच कर आरोपित हेड कास्टेंबल पर उचित कार्रवाई होगी।



घटनाक्रम के अनुसार सोनहा थानाक्षेत्र के कनेथू बुजुर्ग गांव निवासी सुनील कुमार मिश्र होमगार्ड है। उसकी ड्यूटी प्रयागराज में कुंभ मेले में लगी है। आरोप है कि बीते 15 दिसम्बर को प्रयागराज ड्यूटी करने गया था। यहां अचानक बीमार पड़ गया तो वहां से बस्ती भेज दिया गया। आरोप है कि 18 दिसंबर को जब शाम पांच बजे वाल्टरगंज थाने पर आमद कराने गया तो वहां पर पहले से खड़े हेड कास्टेबल राकेश यादव ने आमद नहीं करने के लिए एक दूसरी महिला कांस्टेबल से कहा। इसका विरोध किया तो हेड कांस्टेबल ने थाना परिसर में ही बेल्ट से पीटकर घायल कर दिया। अभी तक इस मामले में हेड कास्टेबल राकेश यादव के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही न किये जाने से होमगार्ड में आक्रोश है। होमगार्ड सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि राकेश यादव का पुरानी बस्ती थाने में तबादला हो चुका है इसके बावजूद वह वाल्टरगंज थाने में बना हुआ है। उसने मामले में दोषी सिपाही के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की मांग किया है।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
**भारतीय बस्ती**
बस्ती 25 दिसम्बर 2024 बुधवार

## सम्पादकीय

# आतंकवाद को कड़ी चुनौती

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में तीन खालिस्तान आतंकवादियों के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद यहां के लोगों में तीन दशकों के बाद एक बार फिर खौफ का माहौल पैदा हो गया है। पंजाब में जब 80–90 के दशक में सिख आतंकवाद चरम पर था,उस समय उत्तर प्रदेश के तराई के कुछ जिले भी इससे प्रभावित हुए थे। तब यूपी का विभाजन नहीं हुआ था।उस दौर में लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, खटीमा,नैनीताल जैसे सिख आबादी वाले जिलों में अक्सर आतंकियों के पनाह लेने और वारदात करने की खबरें मिल जाती थी,लेकिन पिछले करीब तीन दशकों से यहां का माहौल काफी बदल चुका हैं, सिख आतंकवाद के किस्से किताबों में सिमट गये थे,परंतु गत दिवस पीलीभीत के पूरनपुर में तीन खालिस्तानी आतंकियों के एनकाउंटर से एक बार फिर वर्षों बाद तराई का इलाका दहल उठा। बात 80 और 90 के दशक की कि जाये तो उस दौरान जब पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद चरम पर था। उस दौरान करीब 12 वर्ष तक तराई में भी इस आतंक का साया रहा था। तब पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में खालिस्तान आतंकवादियों ने कई लोगों की हत्या कर दी थी। सबसे चर्चित पीलीभीत की वो घटना है, जो जुलाई 1992 में हुई थी। आतंकवादियों ने जंगल में एक साथ 29 लोगों की हत्या कर दी थी। यह वर्ष 1985 से लेकर 1997 के बीच का दौर था, जब तराई इलाके में जिला खीरी से लेकर शाहजहांपुर के खुटार, पीलीभीत के पूरनपुर से लेकर उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर और नैनीताल तक खालिस्तान समर्थकों का आतंक रहा। उस दौरान खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठनों ने यहां कई बड़ी और चर्चित घटनाओं को अंजाम दिया था।

उस दौरान मैलानी गुरुद्वारे में रह रहे खुफिया विभाग के दरोगा को गोली मारने का मामला फिर जंगल में छिपे इस कांड के आरोपी भीरा निवासी सुखविंदर सिंह का तत्कालीन एसपी ओपी सिंह द्वारा एनकाउंटर किया जाना हो या फिर खीरी के मैलानी के आसपास पीलीभीत और शाहजहांपुर के कई इलाके खालिस्तानी आतंकवादियों के हमेशा निशाने पर की बात तब माहौल काफी भयावह रहता था। इसी तरह से वर्ष 1988–89 में मैलानी–भीरा के मध्य राज नारायणपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास दुग्ध वाहन को रोककर उसमें सवार एक दर्जन लोगों की खालिस्तान आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। इस नरसंहार को खालिस्तानी आतंकवादियों के मेजर गुट ने अंजाम दिया था। 26 नवंबर 1995, 26 अक्टूबर 1997 और 28 मार्च 1998 को भीखमपुर–मैलानी के बीच रेलवे ट्रैक काट कर नैनीताल एक्सप्रेस ट्रेन को पलटने की साजिश के पीछे भी खालिस्तान उग्रवादियों का हाथ होने की बात सामने आई थी।

बहरहाल,एक बार फिर अब पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस को पीलीभीत में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराने में जो सफलता मिली, वह एक बड़ी कामयाबी है। मारे गए आतंकियों के पास से दो एके–47 राइफलों के साथ विदेशी पिस्टल और बड़ी मात्रा में कारतूस मिले। पुलिस और खुफिया सूत्रों के अनुसार यह आतंकी पिछले कुछ समय से पंजाब में थानों और चौकियों पर बम फेंककर आतंक का माहौल कायम करने में लगे थे। इनका संबंध खालिस्तानी जिंदाबाद फोर्स नामक आतंकी संगठन से बताया जा रहा है। पता यह भी चला है कि विदेश में बैठे खालिस्तानी तत्वों ने पीलीभीत में मारे गए आतंकियों को हथियार उपलब्ध कराए थे। यदि यह सही बात है तो इसकी गहनता से पड़ताल होनी चाहिए कि वे ऐसा करने में कैसे समर्थ हो गए। पड़ताल इसकी भी होनी चाहिए कि मारे गए आतंकी पंजाब में थानों और चौकियों को निशाना बनाने के बाद पीलीभीत में क्या करने आए थे। पीलीभीत उनके छिपने के लिए सुरक्षित ठिकाना था या फिर वे यहां कोई वारदात करने की फिराक में थे। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जिस समय पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद अपने चरम पर था, तब पीलीभीत और उसके आसपास का तराई का इलाका खालिस्तानी आतंकियों का गढ़ बन गया था।

सिख आबादी की ठीक–ठीक संख्या के चलते तराई के इस इलाके को मिनी पंजाब कहा जाता है। ऐसे में यह सोचना गलत नहीं है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि इस इलाके में खालिस्तान समर्थक फिर से सक्रिय हो गए हैं और उनके चलते ही मारे गए आतंकी पीलीभीत आए हों। जो भी हो, यह ठीक नहीं कि पंजाब में खालिस्तानी आतंकियों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है।खालिस्तानी आतंकियों के बढ़ते दुस्साहस का पता इससे चलता है कि बीते कुछ समय से पंजाब में एक के बाद एक आठ थानों और चौकियों में बम से हमले हो चुके हैं। इन हमलों की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी संगठनों ने ली है। इनमें से एक संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स भी है। पंजाब में थानों और चौकियों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं का आकलन करने वाली राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आशंका जताई है कि विदेश से संचालित खालिस्तानी आतंकी संगठन पंजाब में कोई बड़ी वारदात करने की कोशिश में हैं। यह आशंका कितनी प्रबल है, इसका पता इससे चलता है कि चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस मुख्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह ठीक है कि कुछ खाली पड़ी पुलिस चौकियों पर भी बम फेंके गए, लेकिन इन घटनाओं से यह तो पता चलता ही है कि खालिस्तानी आतंकी बेलगाम हो रहे हैं। अब जब पीलीभीत की घटना से यह स्पष्ट हो रहा है कि खालिस्तानी आतंकी पड़ोसी राज्यों में पैर पसार रहे हैं, तो पंजाब पुलिस को ऐसे सभी राज्यों और खासकर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल आदि की पुलिस से अपना सहयोग एवं समन्वय बढ़ाना होगा।

यहां यह भी याद रखना चाहिए कि 90 के दशक के अंत में जब सिख आतंकवाद की रीढ़ टूट गई थी उसके बाद 18 सितंबर 2017 को यहां दोबारा उसी आतंक की दस्तक हुई थी, जब यूपी एटीएस और पंजाब पुलिस की टीम ने खीरी जिले से प्रतिबंध आतंकी संगठन बब्बर खालसा के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया था। यह दोनों हरप्रीत उर्फ टोनी और सतनाम सिंह खीरी जिले के निवासी थे। इन्हें पंजाब की नाभा जेल से 27 नवंबर 2016 को दो आतंकी और चार गैंगस्टर को फरार कराया गया था। इसी मामले में लखीमपुर के हरप्रीत उर्फ टोनी व सतनाम सिंह के खिलाफ पंजाब के जिला भगत सिंह नगर की अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इन दोनों पर आरोप था कि इन्होंने जेल से भागने वाले आतंकियों को असलहा और अन्य मदद मुहैया कराई थी।

पुलिस की जांच में यह भी बात सामने आई थी कि यह दोनों लंबे समय से यूपी के तराई इलाके से लेकर पंजाब तक बब्बर खालसा के स्लीपिंग मॉड्यूल के रूप में काम कर रहे थे। हालांकि इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद यहां मामला शांत रहा, लेकिन अभी कुछ दिन पहले ही यहां पंजाब के आतंकवादी नारायण सिंह चौड़ा का कनेक्शन भी सामने आया था। पंजाब में आतंकवादी चौड़ा ने पुलिस रिमांड में यह बयान दिया था कि उसने खीरी जिले के नेपाल बॉर्डर से सटे क्षेत्र में हथियार छिपा कर रखे हैं। इसके बाद पंजाब पुलिस द्वारा आतंकवादी चौड़ा को यहां लाए जाने को लेकर दो–तीन दिनों तक काफी हलचल रही थी। अब पीलीभीत में मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकवादियों के मारे जाने के बाद भारत–नेपाल सीमा से सेट क्षेत्र में सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।

# वन नेशन–वन इलेक्शन का सियासी दांव

**–ऋतुपर्ण दवे–**




भारत में मजबूत लोकतंत्र के बावजूद राजनीतिक दलों के भविष्य की अनिश्चितता को दुनियाभर में बेहद आश्चर्य से देखा जाता है। अब वन नेशन–वन इलेक्शन (ओएनओई) की दिशा में कदम बढ़ गए हैं। निश्चित रूप से भारतीय मतदाताओं की सूझ–बूझ और परिपक्वता इसमें भी देखने लायक होगी। हर चुनावी बाजी आखिरी पल तक किस तरफ जा रही है– इस पर सिर्फ कयास ही सामने आते रहे जो ज्यादातर नतीजों के बाद औंधे मुंह गिरते दिखे। यही वजह थी कि हालिया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान कोई भी राजनीतिक पंडित या चुनाव विश्लेषक वैसा साफ–साफ कहने की स्थिति में नहीं दिखा जो हरियाणा में दावे करते नहीं अघाते थे।

भाजपा को रोकने के लिए विपक्ष ने बीते डेढ़–दो दशक में चाहे जितनी भी जुगत लगायी लेकिन आपसी होड़ खत्म करने में हर बार नाकामयाब रहे। यह भी सही है कि देश में ज्यादातर क्षेत्रीय दल कांग्रेस से टूट उसकी ही चुनौती बने। ऐसे दल कभी मजबूत हुए और राजनीति की बदलती तासीर के चलते कभी नरम भी पड़े। ऐसा भी दौर आया जब लगा कि क्षेत्रीय दलों का भविष्य बिना कांग्रेस के साथ आए अंधकार में है। वक्त–वक्त पर अपना वजूद बचाने के लिए गठबंधन भी बने और कभी कांग्रेस को बड़ी तो कभी छोटी भूमिका देकर चुनाव लड़ना मजबूरी बनती चली गई। बताने की जरूरत नहीं कि भाजपा के खिलाफ ऐसे गठबन्धन कितने कामयाब रहे।

अब जबकि पहले केंद्रीय कैबिनेट ने एक देश एक चुनाव संबंधी विधेयक को मंजूरी दी फिर लोकसभा में स्वीकारा गया और अब आम सहमति खातिर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेज दिया गया। यहां सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा होगी। लेकिन क्या इस बिल का कानून बनना आसान होगा? थोड़ा आंकड़ों को समझना होगा। प्रधानमंत्री मोदी के पास इस तीसरे कार्यकाल में पूर्ण बहुमत नहीं है। लोकसभा में 543 सांसदों में बिल पारित होने के लिए 362 वोट जरूरी हैं। अभी एनडीए के पास 293 सांसद हैं और उसमें भाजपा के 240 हैं। यानी 69 वोट कम हैं। जाहिर है दूसरों की मदद चाहिये। वहीं राज्यसभा में भी बिल का पास करवाने के लिए 164 वोट जरूरी हैं जबकि एनडीए के पास 112 सांसद ही हैं। माना कि 6 मनोनीत सांसद हैं लेकिन फिर भी दूसरों का समर्थन जरूरी होगा। दो–तिहाई बहुमत हासिल करने के लिए यहां 52 वोट कम हैं। अगर विपक्ष पर नजर डालें तो लोकसभा में 205 और राज्यसभा में 85 सांसद हैं।

विधि आयोग की 2012 की राय भी देखनी होगी जिसमें संविधान के मौजूदा ढांचे के अंदर एक साथ चुनाव नहीं करवाए जा सकने की बात थी। हालांकि, अब ये बीती बातें हैं। यूं भी विपक्ष भले कमजोर हो लेकिन उसकी सहमति जरूरी होगी। इधर कोविंद समिति की सिफारिशें लागू करने के लिए 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी। लेकिन ज्यादातर के लिए राज्य विधानसभाओं की सहमति जरूरी नहीं होगी। इधर कोविंद समिति की बात करें तो 47 राजनीतिक दलों ने अपने विचार समिति के समक्ष रखे। ओएनओई के समर्थन में 32 दल थे जिनका मानना है कि इससे संसाधनों की बचत होगी व आर्थिक विकास में तेजी आएगी। वहीं 15 दल साथ नहीं आए जिन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान के संघीय ढांचे के खिलाफ बताया।

जरूरी संशोधनों के बाद ही लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल की समाप्ति एक साथ हो सकेगी। पहला बिल संविधान के अनुच्छेद 82ए में संशोधन करेगा ताकि लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल की समाप्ति एक साथ हो सके जिसमें राज्यों से सहमति जरूरी नहीं। स्थानीय निकाय चुनाव भी लोकसभा और विधानसभा के साथ करने के प्रस्ताव पर न्यूनतम 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं की मंजूरी लेनी होगी। सारी तकनीकी प्रक्रियाओं के बाद ही ओएनओई हो पाएगा। कितना वक्त लगेगा कह पाना मुश्किल है।


वर्ष 2025 में दिल्ली के चुनाव होने हैं। उसके बाद बिहार, फिर 2026 में प. बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल, पुड्डूचेरी के बाद 2027 में उत्तर प्रदेश तथा दूसरे राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। लेकिन क्या वन नेशन वन इलेक्शन की ओर बढ़ चली केन्द्र सरकार को कांग्रेस के नेतृत्व में 26 विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन चुनौती दे पाएगा? बेशक इसने 2024 के लोस चुनाव में भाजपा को बैसाखियों के सहारे सरकार चलाने को मजबूर किया। इससे उत्साहित इंडिया गठबंधन के दूसरे क्षेत्रीय दल भ्रम में आ गए कि लोकसभा की जीत में वे ही अहम थे। बस यहीं से गठबंधन में दरार पड़ने लगी। हरियाणा, फिर महाराष्ट्र में हार के बाद गठबंधन की फूट उजागर होने लगी और अब शामिल दल कांग्रेस के खिलाफ बोलते दिख रहे हैं।

भाजपा आज कांग्रेस व शेष विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती है। वन नेशन वन इलेक्शन भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा सपना है जो देश में नए सियासी दांव के जरिये अलग इबारत लिखने को बेताब हैं। तेजी से मतदाताओं में पैठ जमाती भाजपा ने हमेशा क्षेत्रीय दलों को आगे कर पहले लुभाया फिर खुद को मजबूत करती गई। आज महाराष्ट्र की जीत और ओडिशा में बीजेडी का किला ढहाना सामने है। भारत में वन नेशन–वन इलेक्शन की दिशा में भाजपा ने बिसात बिछा दी है। बस देखना है कि बाजी किसके हाथ होगी?

# सिनेमा में अमिट छाप छोड़ गये श्याम बेनेगल



**–ललित गर्ग–**




बॉलीवुड में समानांतर सिनेमा के जनक, 'मंथन' से लेकर 'वेलडन अब्बा' तक जिनके फिल्मी सफर को एक युग कहा जा सकता है, बेहद कलात्मक, बेहद संजीदा, बेहद संवेदनशील, ऐसे बेमिसाल फिल्मकार श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की उम्र में जाना अत्यंत दुखद ही नहीं है, एक सार्थक भारतीय सिनेमा एवं गौरवशाली टेलीविजन युग का अंत है। दादा साहब फाल्के के अलावा सात राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित बेनेगल ने हिंदी सिनेमा को नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी, अनंत नगा जैसे प्रख्यात कलाकार दिए। उनकी फिल्मों के साथ भारतीय सिनेमा का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरु हुआ, जिसने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई प्रदान की। पिता के कैमरे से 12 साल की उम्र में पहली फिल्म बनाने वाले बेनेगल ने उस समय अहसास कराया कि भारतीय सिनेमा में एक विराट प्रतिभा मोर्चा संभाल चुकी है, जिसके काम की गूंज उनकी जीवन में ही नहीं, बल्कि भविष्य में लम्बे समय तक देश और दुनिया को सुनाई देगी। जब–जब हमने बहुत ठहरकर, बहुत संजीदगी के साथ उनके काम को देखा तो अनायास ही हमें महसूस हुआ कि वे अपने आप में कितना कुछ समेटे हुए थे, अद्भुत, यादगार एवं विलक्षण। सिनेमा दर्शकों का ऐसे महान् फिल्मकार की फिल्मों से अनभिज्ञ रहना इस संसार में रहते हुए भी सूर्य, चन्द्रमा एवं तारों को न देखने जैसा है।

श्याम बेनेगल का जन्म 14 दिसम्बर 1934 को हैदराबाद में हुआ। हैदराबाद की ओसमानिया यूनिवर्सिटी से इकोनोमिक्स में एमए करने के बाद बेनेगल ने आगे जाकर हैदराबाद फिल्म सोसायटी की स्थापना की। उनका संबंध कोंकणी बोलने वाले चित्रपुर सारस्वत परिवार से था। उनका असली नाम श्याम सुंदर बेनेगल था। श्याम बेनेगल की शादी नीरा बेनेगल से हुई थी और उनकी एक बेटी पिया बेनेगल है, जो एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं, जिन्होंने कई फिल्मों के लिए भी काम किया है। श्याम ने बचपन में ही अपने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी. बेनेगल के कैमरे से पहली फिल्म शूट की थी। 1962 में उन्होंने पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'घर बैठा गंगा' बनाई, जो गुजराती में थी। बेनेगल को भारत सरकार द्वारा 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी सफल फिल्मों में मंथन, जुबैदा और सरदारी बेगम शामिल हैं। जिनमें जीवन के कठोर यथार्थ को बेनेगल ने सिनेमा–शिल्प में, महीन अर्थवत्ता के साथ नाटकीयता के धनीभूत आशयों में अभिव्यक्ति दी, प्रस्तुति दी है। उनकी फिल्मों में एक ऐसी सार्वजनीनता है, जो धनी–निर्धन, शिक्षित–अशिक्षित, देशी–विदेशी सभी को बहुत भीतर तक स्पर्श करती रही है।

श्याम बेनेगल की आखिरी फिल्म 'मुजीबः द मेकिंग ऑफ ए नेशन' थी, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। इस फिल्म ने भारत ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में भी सुर्खियां बटोरीं। यह फिल्म बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान पर आधारित थी, जो बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी थे। उनकी जिंदगी पर बनी फिल्म ने बांग्लादेश में 2024 में तख्तापलट करवा दिया था और शेख हसीना को इस्तीफा देना पड़ा था। यह फिल्म दिखाती है कि मुजीबुर्रहमान के राजनीतिक सफर की शुरुआत कैसे हुई थी, उन्होंने किस तरह बांग्लादेश की स्वाधीनता के लिए काम किया। इस फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और बांग्लादेश फिल्म विकास निगम ने मिलकर बनाया था। यह फिल्म जहां एक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को प्रस्तुति दी, वहीं दो राष्ट्रों के आपसी संबंधों को भी गहराई से उजागर किया। इस फिल्म को बंगाली के साथ–साथ हिन्दी भाषा में भी रिलीज किया गया था। इस फिल्म का एलान करते हुए बेनेगल ने बताया था कि शेख मुजीबुर्रहमान के जीवन को पर्दे पर उतारना उनके लिए एक कठिन काम रहा है। उन्होंने कहा था, यह फिल्म मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक फिल्म है। मुजीब के किरदार को बेबाकी से पेश किया है, वे भारत के बहुत अच्छे दोस्त रहे। उनकी यह फिल्म ही नहीं, बल्कि हर फिल्म ने एक इतिहास निर्मित किया। क्योंकि यह उनकी ही प्रतिभा थी कि वे लगातार काम करने की रणनीतियों में बदलाव लाते रहे और फिल्म–निर्माण को एक विराट फलक तक ले जाते रहे। भारतीय सिनेमा के लगभग सौ साला इतिहास में बेनेगल एक बड़े वटवृक्ष की भांति दिखाई देते हैं।

भारतीय सिनेमा को विश्व में नई और अद्वितीय पहचान दिलाने में बेनेगल का अविस्मरणीय योगदान था। बेनेगल की पहली चार फीचर फिल्मों– अंकुर (1973), निशांत (1975), मंथन (1976) और भूमिका (1977)– ने उन्हें उस दौर की नई लहर फिल्म आंदोलन का अग्रणी बना दिया। बेनेगल की मुस्लिम महिला पर आधारित फिल्में मम्मो (1994), सरदारी बेगम (1996) और जुबैदा (2001) सभी ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। 1959 में, उन्होंने मुंबई स्थित विज्ञापन एजेंसी लिंटास एडवरटाइजिंग में कॉपीराइटर के रूप में काम करना शुरू किया, जहाँ वे धीरे–धीरे क्रिएटिव हेड बन गए। 1963 में एक अन्य विज्ञापन एजेंसी के साथ कुछ समय तक काम किया। इन वर्षों के दौरान, उन्होंने 900 से अधिक प्रायोजित वृत्तचित्र और विज्ञापन फिल्मों का निर्देशन किया। 1966 और 1973 के बीच बेनेगल ने पुणे स्थित भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान में पढ़ाया और दो बार संस्थान के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उनके शुरुआती वृत्तचित्रों में से एक 'ए चाइल्ड ऑफ द स्ट्रीट्स' (1967) ने उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलाई। कुल मिलाकर, उन्होंने 70 से अधिक वृत्तचित्र और लघु फिल्में बनाई हैं।

बेनेगल ने 1992 में धर्मवीर भारती के एक उपन्यास पर आधारित सूरज का सातवां घोड़ा फिल्म बनाई, जिसने 1993 में हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। 1996 में उन्होंने फातिमा मीर की 'द अप्रेंटिसशिप ऑफ ए महात्मा' पर आधारित पुस्तक द मेकिंग ऑफ द महात्मा पर आधारित एक और फिल्म बनाई। उनके जीवनी सामग्री की ओर इस मोड़ के परिणामस्वरूप नेताजी सुभाष चंद्र बोसः द फॉरगॉटन हीरो, उनकी 2005 में अंग्रेजी भाषा की फिल्म बनी। उन्होंने समर (1999) में बनी फिल्म में भारतीय जाति व्यवस्था की आलोचना की, जिसने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। बेनेगल की फिल्म मंडी (1983), राजनीति और वेश्यावृत्ति के बारे में एक व्यंग्यपूर्ण कॉमेडी थी, जिसमें शबाना आजमी और स्मिता पाटिल ने अभिनय किया था।

# मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति अटल जी



**–रोहित माहेश्वरी–**




भारत रत्न से सुशोभित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लोकतांत्रिक एवं मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति थे। उनके आदर्शों से सिंचित एक पूरी पीढ़ी है, जिसमें उन्हीं की तरह शराष्ट्र प्रथमश का जज्बा है। अटल जी के त्याग, तप, सिद्धांतों एवं दृढ़ संकल्पों से निर्मित मार्ग पर चल कर यह पीढ़ी राष्ट्र में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नवीन आयाम स्थापित कर रही है। यह मेरा सौभाग्य है कि अटल जी का सान्निध्य एवं निकटता से मार्गदर्शन प्राप्त कर उसका अनुसरण करने वाली इस पीढ़ी का एक सदस्य मैं भी हूं। मां भारती के लाल अटल जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। उनके व्यक्तित्व में अनगिनत आयाम थे।

व्यक्तिगत जीवन में ईमानदारी, व्यवहार में शालीनता, स्वभाव में सादगी और सौम्यता का संगम यदि कहीं एक ही व्यक्ति में खोजना हो, तो वह 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व में मिलता है। राजनीति में शुचिता, सरकार में सुशासन और संसद में सर्वमान्य सांसद के साथ ही संवेदनशील साहित्यकार, महान राष्ट्रभक्त और अजातशत्रु पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व हिमालय के समान विराट था। अटल जी ने देश के लोगों के जीवन में अपने विचारों का जो प्रभाव डाला, वह सदा–सर्वदा स्मरणीय बना रहेगा।

भारत की राजनीति में मूल्यों और आदर्शों को स्थापित करने वाले राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में किये कार्यों की बदौलत ही अटल बिहारी वाजपेयी को भारत के विकास का दूरद्रष्टा कहा गया है। बात चाहे समर्थकों में समर्पण भाव पैदा करने का हो, चाहे विरोधियों का दिल जीतने की, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी अटल बिहारी वाजपेयी दोनों में अव्वल थे। उनका सार्वजनिक जीवन बहुत ही बेदाग और साफ सुथरा था। इसी छवि और साफ सुथरे सार्वजनिक जीवन की वजह से अटल बिहारी वाजपेयी जी का हर कोई सम्मान करता था। तभी तो उनके विरोधी भी उनके प्रशंसक थे। अटल जी के लिए राष्ट्रहित सदा सर्वोपरि रहा। अटल बिहारी वाजपेयी जी जब भी संसद में अपनी बात रखते थे, तो उनके विरोधी भी उनकी तर्कपूर्ण वाणी के आगे कुछ नहीं बोल पाता थे। वहीं एक कवि के रूप में अपनी कविताओं के जरिए अटल जी हमेशा सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करते रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले 'युग पुरुष' अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म ग्वालियर में बड़े दिन के अवसर पर 25 दिसम्बर 1924 को हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी जी की बीए की शिक्षा ग्वालियर के वर्तमान में लक्ष्मीबाई कालेज के नाम से जाने वाले विक्टोरिया कालेज में हुई। ग्वालियर के विक्टोरिया कालेज से स्नातक करने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने कानपुर के डीएवी महाविद्यालय से कला में स्नातकोत्तर उपाधि भी प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। एक प्रखर वक्ता और कवि के गुण उन्हें उनके पिता से मिले। छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने। अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे और उन्होंने लंबे समय तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे प्रखर राष्ट्रवादी नेताओं के साथ काम किया।

अटल बिहारी वाजपेयी सन् 1968 से 1973 तक भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1957 के लोकसभा चुनावों में पहली बार उत्तर प्रदेश की बलरामपुर लोकसभा सीट से जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में विजयी होकर लोकसभा में पहुंचे। 1957 से 1977 तक जनसंघ संसदीय दल के नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने ओजस्वी भाषणों से प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू तक को प्रभावित किया।

अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व बहुत ही मिलनसार था। 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने का अटल बिहारी वाजपेयी ने खुलकर विरोध किया था। 1977 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार बनी, जिसमें अटल जी को विदेश मंत्री बनाया गया। बतौर विदेश मंत्री उन्होंने पूरे विश्व में भारत की छवि बनाई। विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देने वाले देश के पहले वक्ता बने।

1980 में जनता पार्टी के टूट जाने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने सहयोगी नेताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की और वे पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। 1996 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी, तो अटलजी सर्वसम्मति से संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद अटलजी देश के प्रधानमंत्री बने। 1998 में भाजपा फिर दूसरी बार सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और अटल बिहारी वाजपेयी दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने, लेकिन 13 महीने तक ही यह सरकार चल सकी। इस 13 महीने के छोटे से कार्यकाल में ही अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया और पोखरण में परमाणु परीक्षण कर सम्पूर्ण विश्व को भारत की ताकत का एहसास कराया। अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत कई देशों ने भारत पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए। उसके बावजूद भारत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हर तरह की चुनौतियों से सफलतापूर्वक निबटने में सफल रहा।

कारगिल युद्ध में जीत के बाद हुए 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और उनके नेतृत्व में 13 दलों से गठबंधन करके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के रूप में सरकार बनायी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने अपना पूरा पांच साल का कार्यकाल पूर्ण किया। इस कार्यकाल में देश के अन्दर प्रगति के अनेक आयाम छुए।

अटलजी की सरकार ने भारत के चारों कोनों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की शुरुआत की और दिल्ली, कलकत्ता, चेन्नई व मुम्बई को राजमार्ग से जोड़ा गया।

अटल जी के हाथों से 21वीं सदी के जिस उदीयमान भारत की नींव रखी गई थी, आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि उसी नींव पर हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'आत्मनिर्भर भारत' की सशक्त इमारत बना रहे हैं। अटल जी सही मायनों में भविष्यदृष्टा थे। भारत के प्रधानमंत्री रहते हुए उनके द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम में भविष्य के भारत की नींव का पत्थर छिपा था।

# बाबा साहब पर टिप्पणी के विरोध में बसपाइयों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता–महराजगंज।** केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में बसपाई मंगलवार को सड़क पर उतर गए। महराजगंज पीजी कालेज से जुलूस की शक्ल में निकले बसपाइयों ने नारेबाजी करते हुए शहर की सड़कों पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इस मामले में कार्रवाई की मांग की। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री के बयान पर बसपाइयों का यह धरना–प्रदर्शन केन्द्रीय आह्वान पर था।

बसपाइयों ने कहा कि संविधान के मूल निर्माता एवं करोड़ों एससीध् एसटी आदि बहुजनों के मसीहा, प्रेरणास्रोत व उद्धारक बाबा साहब के प्रति अमर्यादित टिप्पणी किसी सूरत में नहीं बर्दाश्त की जाएगी। इससे बहुजन समाज के आत्म–सम्मान व स्वाभिमान को काफी ठेस पहुंचाई गयी है। इसको लेकर समाज के हर वर्ग के बीच भारी रोष व आक्रोश व्याप्त है। जिलाध्यक्ष नारद कुमार राव ने कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधन का निर्माण कर देश को लोकतांत्रिक मूल्य प्रदान किया है। बाबा साहब का इस प्रकार का अपमान व अनादर किसी भी रूप में लोगों को स्वीकार्य नहीं है।

ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से अपेक्षा की गई कि वे संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए इस गंभीर मामले में सोच–विचार कर कुछ न कुछ उचित कदम जरूर उठाएंगी। जिलाध्यक्ष नारज कुमार राव की अध यक्षता में हुए प्रदर्शन में अमित चन्द गौतम, घनश्याम राही, सन्तोष जिज्ञासु, तबारक हुसेन, नन्दू प्रसाद, दीपलाल भारती, रमेश चन्द गौतम, जितेन्द्र गौतम, मनोज पासवान, बालमुकुन्द राजभर, अशोक निषाद, मानवेन्द्र निषाद, डॉ. रामानन्द, प्रकाश राव, महेश भारती, सुभाष चन्द भारती, अमरनाथ गौतम, प्रेमचन्द गौतम, पवन निषाद, अनिल गौतम, अयोध्या चौरसिया, गंगा पासवान, देवेन्द्र गौतम, अखिलेश आर्या सहित बड़ी संख्या में बसपाई शामिल रहे।

# पहिया ब्लास्ट करने के बाद ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, चालक की मौत

**संवाददाता–देवरिया।** बनकटा थाना क्षेत्र में मंगलवार को टायर ब्लास्ट करने के बाद ट्रैक्टर ट्राली पलटने से ट्रैक्टर के नीचे दबकर ट्रैक्टर चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना बनकटा थाना क्षेत्र के इंगुरी गांव के समीप दोपहर के आसपास की है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को बाहर निकाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चालक की पहचान छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी मुन्ना राम (20) पुत्र चुनकी राम के रूप में हुई है। ट्रैक्टर चालक बनकटा थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्टे पर काम करता था। ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली लेकर बनकटा थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के तरफ जा रहा था। चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर बनकटा थाने के करीब 200 मीटर आगे इंगुरी गांव के समीप पहुंचा था कि अचानक ट्रैक्टर का अगला चक्का ब्लास्ट कर गया, जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ट्राली के पहिया के नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि ट्रैक्टर पर दूसरा व्यक्ति भी सवार था जो फेंका गया उसे हल्की–फुल्की चोट आई है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम भेजने की तैयारी में जुट गई है तथा जांच पड़ताल कर रही है।

# गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे युवक की पिटाई, वीडियो वायरल



**संवाददाता–महराजगंज।** चौक क्षेत्र के एक गांव के पार्क के समीप प्रेमी युगल को बैठा देख कुछ युवक आग बबूला हो गए। छात्रा को घर भेज युवक की बेहरमी से पिटाई शुरू कर दी। अपने ही वीडियो बनाने लगे। बाद में वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला जानकारी में आने के बाद चौक पुलिस ने युवक के ननिहाल पक्ष से तहरीर लेकर चार नामजद व चार अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चौक व निचलौल थाने की पुलिस दबिश दे रही है। एडिशनल एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

घटना सोमवार की बताई जा रही है। क्षेत्र के एक स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा एक युवक के साथ चौक थाना क्षेत्र के ही एक गांव के पार्क में बैठी थी। उसी दौरान कुछ युवक पहुंच गए। एकांत में दोनों को बैठा देख पूछताछ करने लगे। छात्रा को घर भेज दिया। उसके बाद युवक की पिटाई करने लगे। पीड़ित युवक पनियरा क्षेत्र का रहने वाला है। वह दूसरे वर्ग का है। चौक क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल में रहता था। पीड़ित युवक के मुताबिक आठ आरोपित उसकी पिटाई कर रहे थे। आरोपितों में से चार की पहचान कर ली गई है। सभी युवक आसपास गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

इस मामले में सीओ निचलौल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक की कुछ व्यक्तियों द्वारा पिटाई करते हुए वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लिया गया। चौक थाने में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मौसम ने बदली करवट, हवाओं संग बूंदाबांदी से तराई में बढ़ी ठिठुरन

**संवाददाता–बहराइच।** तराई में मौसम का मिजाज बदल गया है। मंगलवार को भोर से ही रुक–रुककर रिमझिम फुहारें पड़ने लगीं। दिन भर ऐसा ही मौसम रहा। पछुआ हवाओं के झोकों के बीच आसमान में घने बादल छाए रहे। सूर्यदेव के ठिठके रहने की वजह से ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो तराई के मैदानी इलाकों में मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे अगले 24 घंटे में बारिश के आसार बन रहे हैं। तराई में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिससे भोर में ही मौसम बदल गया। पछुआ हवाएं चलने लगी। आसमान में काले बादल छा गए। रिमझिम बारिश शुरू हो गई। दिन चढ़ने के साथ ही आसमान में घने बादल छा गए। बूंदाबांदी के साथ ही सूर्यदेव भी बादलों में ठिठके रहे। जिससे दिन का तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस व रात का तापमान छह डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अचानक ठंड बढ़ने से सर्वाधिक परेशानी बाइक चलाने वाले व मजदूरी पेशा वाले लोगों को हुई। शहर के चौक–चौराहों पर लोग ठिठुरते हुए खड़े रहे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्र ने बताया कि अगले 24 घंटे में पश्चिमी विक्षोभ मजबूत हो रहा है। बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

# पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

**संवाददाता–श्रावस्ती।** वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। मंगलवार को सिरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज टीम के साथ वारंटियों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वारण्टी भोंदू पुत्र धर्मराज निवासी ग्राम सेमरा गब्बापुर थाना सिरसिया को गिरफ्तार किया। वारंटी को थाने लाकर न्यायालय रवाना किया गया।

# सक्षम लोग कंबल लेने की लाइन में न आएं –सुरेश्वर सिंह

**संवाददाता–बहराइच।** भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि शीतलहर की सर्द रातों में ठिठुरते गरीब को ठंड से न कांपना पड़े, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। गरीबों के बच्चे आज प्रदेश और देश को चला रहे हैं उन्हें सर्द रातों की ठिठुरन का एहसास है। इसलिए कोई गरीब ठंड से न कांपे इसके लिए भाजपा सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। बतौर मुख्य अतिथि मंगलवार को तहसील महसी के सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह बात कही। 150 लोगों को कंबल वितरण के बाद ने अपील की कि जो लोग सक्षम हों वे कंबल लेने को लाइन में न खड़े हों।

तहसील महसी सभागार में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में सिपहिया प्यूली, बहोरिकपुर, महसी, रेहुवा मंसूर, परसोहना, जोतचांदपारा, कोटिया सहित विभिन्न गांवों के 150 गरीब बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को विधायक सुरेश्वर सिंह एवं अखंड प्रताप सिंह ने कंबल वितरित किए। विधायक ने कहा कि योगी आदित्यनाथ व मोदी की सरकार गरीबों को ठंड से नहीं कांपने देगी, इसके लिए सरकार ने पूरे बंदोबस्त किए हैं। सभी कर्मचारियों अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए हैं कि उच्च गुणवत्ता वाले कंबल अपने साथ रखें। यदि कोई भी पात्र व्यक्ति अथवा अति गरीब जो गर्म कपड़े कंबल व रजाइयां खरीदने में सक्षम नहीं है, ऐसे व्यक्तियों को ढूंढकर उन्हें कंबल देना सुनिश्चित करें। विधायक ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से यह अपील की अति गरीब लोगों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें गर्म कपड़े व कंबल मुहैय्या करवाएं, ये बहुत ही पुण्य फलदाई कार्य होगा। उन्होंने एसडीएम महसी अखिलेश कुमार सिंह व बीडीओ महसी हेमंत कुमार यादव से कहा कि क्षेत्र में कहीं कोई भी गरीब ठंड से न कांपे इसको प्राथमिकता से लेते हुए पता लगवाएं और उन्हें कंबल मुहैय्या करवाएं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पांडेय, जिलामंत्री राम निवास जायसवाल मंडल अध्यक्ष संजय त्रिवेदी, शशिकांत त्रिपाठी, प्रदीप सैनी, राम कुमार बाजपेई, पिंटू सिंह, शिवाकांत शुक्ल, शेषमणि मिश्र, तहसीलदार सौरभ सिंह नायब तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव, सीओ डीके श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बस्ती

## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन स्वामियो/क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन की कार्यवाही नगर पालिका परिषद बस्ती में बिचाराधीन है सम्बन्धित पक्षो को धारा 147 (2) की नोटिस भेजी जा चुकी है आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति नगर पालिका परिषद बस्ती के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा सहनियम कार्यवाही करते हुए प्रकरण निस्तारित कर दिया जायेगा।

| क्र0 | प्रापर्टी आई0डी0 | आवेदन संख्या | वर्तमान नाम | प्रास्तावित नाम | | अधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | 095170100803 5217R/ | PM5172425003309/ | श्री बनवारी पुत्र रामप्यारे | दीपक | बनवारी | वारिसान |
| 2 | 095170100803 4296R/ | PM5172425003311/ | श्री झीनक राम उर्फ बनवारी पुत्र रामपियारे | दीपक | बनवारी | वारिसान |
| 3 | 095170100602 9877R/ | PM5172425003307/ | श्री ओमप्रकाश अरोरा, जय प्रसाद अरोरा पुत्रगण स्व० लोरिक चन्द | जय प्रकाश अरोरा | लोरिक चन्द्र अरोरा | रजि० सेल डीड |
| 4 | 095170100602 4621R/ | PM5172425003306/ | श्री ओम प्रकाश अरोरा, जय प्रकाश अरोरा पुत्रगण स्व० लोरिक चन्द्र | जय प्रकाश अरोरा | लोरिकचन्द्र अरोरा | रजि० सेल डीड |
| 5 | 095170100602 8398R/ | PM5172425003305/ | श्री हनुमान शरण, बाबूमुनि मिश्रा पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | पुरुषोत्तम विरेन्द्र कुमार जयन्त कुमार मिश्रा | बाबूमनि | वारिसान |
| 6 | 095170100702 3342R/ | PM5172425003302/ | श्री वसी उल्लाह फारूकी पुत्र फसीउल्लाह फारूकी व इमामुल्लाह व नईमुल्ला फारूकी पुत्र फसीउल्लाह फारूकी 1/9 अंश | नूसरत जबी | नईमुल्लाह फारूकी | रजि० सेल डीड |
| 7 | 095170100602 8396R/ | PM5172425003296/ | श्री हनुमान शरण, बाबू मुनि मिश्र, पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | पुरुषोत्तम विरेन्द्र कुमार जयन्त कुमार मिश्रा | बाबूमनि | वारिसान |
| 8 | 095170100602 8397R/ | PM5172425003297/ | श्री हनुमान शरण, बाबूमुनि मिश्रा पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | पुरुषोत्तम विरेन्द्र कुमार जयन्त कुमार मिश्रा | बाबूमनि | वारिसान |
| 9 | 095170100602 8400R/ | PM5172425003300/ | श्री हनुमान शरण, बाबूमुनि मिश्रा पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | पुरुषोत्तम विरेन्द्र कुमार जयन्त कुमार मिश्रा | बाबूमनि | वारिसान |
| 10 | 095170100602 8401R/ | PM5172425003301/ | श्री हनुमान शरण, बाबूमुनि मिश्रा पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | पुरुषोत्तम विरेन्द्र कुमार जयन्त कुमार मिश्रा | बाबूमनि | वारिसान |
| 11 | 095170100602 8399R/ | PM5172425003299/ | श्री हनुमान शरण, बाबूमुनि मिश्रा पुत्रगण लक्ष्मी नारायण | पुरुषोत्तम विरेन्द्र कुमार जयन्त कुमार मिश्रा | बाबूमनि | वारिसान |
| 12 | 095170100501 9285R/ | PM5172425003294/ | श्री बाबूमनि मिश्र पुत्र लक्ष्मी नरायन मिश्र | पुरुषोत्तम विरेन्द्र कुमार जयन्त कुमार मिश्रा | बाबूमनि | वारिसान |
| 13 | 095170100703 0514R/ | PM5172425003295/ | बाबूमुनि मिश्रा | पुरुषोत्तम विरेन्द्र कुमार जयन्त कुमार मिश्रा | बाबूमनि | वारिसान |
| 14 | 095170100702 8627R/ | PM5172425003289/ | अयोध्या प्रसाद शुक्ला | आनन्द कुमार शुक्ला | अयोध्या प्रसाद शुक्ल | फेमिली सेटलमेट |
| 15 | 095170100702 6259R/ | PM5172425003288/ | अयोध्या प्रसाद शुक्ला पुत्र सत्यनरायन शुक्ला | आलोक कुमार शुक्ला | अयोध्या प्रसाद शुक्ल | फेमिली सेटलमेट |
| 16 | 095170100803 5103R/ | PM5172425003285/ | श्रीमती स्नेह किरन पत्नी श्री रमेश कुमार गुप्ता | शोभित गुप्ता | रमेश कुमार गुप्ता | रजि० वसीयत |
| 17 | 095170100602 9086R/ | PM5172425003283/ | जफर अहमद, जावेद अहमद, सुत्रगण मोहम्मद सफी उर्फ सफीउल्लाह | तबस्सुम परवेज | अब्दुल वहीद | रजि० सेल डीड |
| 18 | 095170100102 3258R/ | PM5172425003282/ | जमाल अहमद, कमाल अहमद, निसार अहमद शहजादे अहमद पुत्र स्व० इकबाल अहमद वशर्मिला. सामली, सुनैना पुत्रीगण स्व०इकबाल अहमद | आयशा बेगन मु0 मोहसीन सहीना बानो | निसार अहमद | वारिसान |
| 19 | 09517010020234798R/ | PM5172425003280/ | श्रीमती पार्वती देवी पत्नी स्व0 झिनकू | राजकुमार चौरसिया | झिनकू राम | वारिसान |
| 20 | 09517010010354278R/ | PM5172425003279/ | श्री धनन्जय सिंह श्री सुशील सिंह | अजय कुमार गुप्ता विजय कुमार गुप्ता | गंगा सागर गुप्ता | रजि0 सेल डीड |
| 21 | 09517010080338328R/ | PM5172425003278/ | श्रीमती सावित्री देवी उर्फ मालती देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश तिवारी | राजीव कुमार तिवारी | ओम प्रकाश तिवारी | वारिसान |
| 22 | 095170100502 3369R/ | PM5172425003274/ | कृष्णावती देवी पत्नी राम करन सिंह | राम करन सिंह | झगरू सिंह | वारिसान |
| 23 | 095170100302 1922R/ | PM5172425003272/ | खेराती उर्फ मो०रजा पुत्र अलीरजा | उषा देवी | गोपालजी गुप्ता | रजि० सेल डीड |
| 24 | 095170100603 0363R/ | PM5172425003268/ | श्रीमती फातमा खातून पत्नी मु० मुस्तकीम | मो० एहतेशान | मो० मुस्तकीम | रजि0 वसीयत |
| 25 | 095170100803 6207R/ | PM5172425003270/ | श्रीमती शारदा सिंह पत्नी अनन्त सिंह | ज्योति शेखर | योगेन्द्र नाथ गुप्ता | रजि० सेल डीड |
| 26 | 095170100803 3453R/ | PM5172425003269/ | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी आनन्द स्वरूप | संजय श्रीवास्तवा | आनंद स्वरूप श्रीवास्तव | वारिसान |
| 27 | 095170100803 6207R/ | PM5172425003271/ | श्रीमती शारदा सिंह पत्नी अनन्त सिंह | आनन्द राव राठोर | राजमणि राव | रजि0 सेल डीड |
| 28 | 095170100502 2907R/ | PM5172425003267/ | जयन्त्री प्रसाद पुत्र विश्वनाथ | परमात्मा प्रसाद गुप्ता | जयन्ती लाल | वारिसान |
| 29 | 095170100302 1339R/ | PM5172425003266/ | श्री दीनानाथ साहू पुत्र जगदीश प्रसाद साहू श्रीमती कमलेश कुमारी पत्नी स्व० दीनबन्धू साहू, रघुनन्दन राम साहू, राघवेन्द्र राम साहू पुत्र स्व० दीनबन्धू साहू, कु० राधा गुप्ता पुत्री स्व० शिवनाथ साहू, श्रीमती मधुलिका गुप्ता पत्नी स्व० शिवनाथ साहू, राजश्री गुप्ता पुत्री स्व० विश्वनाथ साहू, विश्वनाथ साहू पुत्र स्व० शिवनाथ साहू | मुजस्सम आलम अंसारी | सरवर अली | रजि० सेल डीड |
| 30 | 095170100602 9860R/ | PM5172425003264/ | विष्णु प्रताप सिंह पुत्र प्रताप नरायन सिंह | सरोज सिंह | संजय सिंह | रजि० वसीयत |
| 31 | 095170100803 5552R/ | PM5172425003263/ | श्री विष्णु प्रताप सिंह पुत्र प्रताप नारायन सिंह | शम्भावेष प्रताप सिंह | सजय सिंह | रजि० वसीयत |
| 32 | 095170100702 8255R/ | PM5172425003261/ | मुन्नर देवी पत्नी सीतासरन पाण्डेय | सुरेंद्र प्रसाद | सीता शरन पाण्डेय | रजि० वसीयत |
| 33 | 095170100502 6544R/ | PM5172425003262/ | त्रिलोकी नाथ कम्पाउन्डर पुत्र विक्रमजीत | इन्द्रावती देवी | त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तवा | वारिसान |
| 34 | 095170100803 1998R/ | PM5172425003260/ | श्री राम बुझारत पुत्र बुधिराम | लाल जी | राम बुझारत | रजि० वसीयत |
| 35 | 095170100202 3621R/ | PM5172425003259/ | श्रीमती प्रेमवती मिश्रा पत्नी संकटा प्रसाद मिश्रा | मानवेन्द्र मिश्रा | सकटा प्रसाद मिश्रा | वारिसान |
| 36 | 095170100602 3132R/ | PM5172425003258/ | श्री लाल जी चौधरी, गोपाल जी चौधरी पुत्रगण स्व० श्री राम कृष्ण चौधरी | कुल्दीप चौधरी | लालजी चौधरी | वारिसान |
| 37 | 095170100803 5212R/ | PM5172425003256/ | श्री भभूति प्रसाद शुक्ल पत्नी विद्या प्रसाद | प्रदीप कुमार शुक्ला | भभूति प्रसाद शुक्ल | वारिसान |
| 38 | 095170100803 6543R/ | PM5172425003253/ | श्रीमती स्नेह किरण पत्नी रमेश कुमार, श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी राम कुमार, रमेश कुमार पुत्र लक्ष्मी नरायन, राम कुमार पुत्र लक्ष्मी नरायन | शोभित गुप्ता | रमेश कुमार गुप्ता | वारिसान |
| 39 | 095170100102 4350R/ | PM5172425003250/ | श्रीमती राधिका, पत्नी स्व.कन्हैया लाल, अश्वनी कुमार पुत्र स्व.कन्हैया लाल एवं कुमर वर्षा पुत्री स्व0 कन्हैया लाल | राकेश कुमार कसौधन | रामजी | रजि० सेल डीड |
| 40 | 095170100602 9207R/ | PM5172425003248/ | नजबुननिशा पत्नी बेचन अली | किरन मोदनवाल | अश्वनी कुमार | रजि० सेल डीड |
| 41 | 095170100803 5128R/ | PM5172425003245/ | श्री ओम प्रकाश कन्नौजिया पुत्र प्यारे लाल | रंजना कन्नौजिया | ओम प्रकाश कान्नौजिया | वारिसान |
| 42 | 095170100402 7835R/ | PM5172425003291/ | मीरा सिंह पत्नी योगेन्द्र सिंह | गौरव सिंह | योगेन्द्र सिंह | रजि० सेल डीड |
| 43 | 095170100103 6191R/ | PM5172425003321/ | द्वारिका प्रसाद पुत्र पराग श्रीमती गिरिजा देवी पत्नी द्वारिका प्रसाद | राम नाथ शिवनाथ | द्वारिका प्रसाद | वारिसान |
| 44 | 095170100102 4427R/ | PM5172425003329/ | कन्हैयालाल गुप्ता पुत्र राम उजागिर गुप्ता | मनोहर लाल गुप्ता सुलभ गुप्ता रवि गुप्ता स्पनिल गुप्ता | राम उजागिर गुप्ता राम चन्द्र गुप्ता राजेश्वर प्रसाद गुप्ता अनिल कुमार गुप्ता | रजि० वसीयत |
| 45 | 095170100503 5768R/ | PM5172425003287/ | श्रीमती लीलावती पत्नी बृजकिशोर | विवेक कसौधन | बृज किशोर कसौधन | वारिसान |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बस्ती**

पत्रांक:– 5650A /न0पा0प0 बस्ती/कर अनुभाग/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक:–24 दिसम्बर 2024

# हड़ताल पर गए स्वास्थ्य कर्मी, जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था लड़खड़ाई

**संवाददाता—संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुरेब पर तैनात संविदा स्वास्थ्य कर्मी पर मुकदमा दर्ज होने के विरोध में मंगलवार को संयुक्त राष्ट्रीय मिशन कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर चले गए। इससे पूरे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था बाधित हो गई। जिले के सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र हुए। सभी ने बैठक कर यह मांग की कि पुलिस विभाग द्वारा जो कार्रवाई की गई है वह गलत है। संगठन ने कहा कि जब तक मुकदमा दर्ज वापस नहीं हो जाता तब तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा। हड़ताल से सीएचसी व पीएचसी की भी स्वास्थ्य सेवा बाधित हो गई। हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर भी ताला लटका रहा।

बैठक करने के बाद सैकड़ों की संख्या में जिले के स्वास्थ्य कर्मी जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे। जहां पर उन लोगों ने चिकित्सकों से हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि आप लोग भी हम लोगों के साथ रहें। इसके बाद सभी ने ओपीडी बंद करवाई। केवल जिला अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था ही चालू रही। पर्ची काउंटर के पास मुख्य द्वार पर सभी कर्मी दोपहर बाद 1:00 बजे तक धरने पर बैठे रहे। इस दौरान सीओ अजीत चौहान व कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार दुबे ने संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता की। जिस पर सभी ने कहा कि सरकारी अस्पताल में क्या प्रसव कराना गुनाह है। जब उक्त महिला की मौत शहर के एक निजी अस्पताल में हुई तो फिर कैसे स्टाफ नर्स कल्पना वर्मा पर मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली में तीन दिन तक उन्हें बैठाया गया। जब उनकी तबियत खराब हो गई तब उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों ने उक्त महिला को अस्पताल पर घंटों घेर रखा था साथ ही हाईवे को भी जाम कर दिया था। फिर उन लोगों पर मुकदमा क्यों नहीं दर्ज किया गया। इस पर कोतवाली प्रभारी ने कहा कि आप लोगों की जो मांग है वह लिखित दीजिए और धरना समाप्त कर दीजिए। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक मुकदमा वापस नहीं हो जाता तब तक हम लोग डटे रहेंगे। साथ ही वहां पर जिन—जिन लोगों ने हंगामा किया है उन पर भी मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए।

धरना में शामिल चिकित्सक डा. श्ववेतांक सिंह, डा. अरुणेश दूबे, डॉ. राजेश चौधरी जिला अस्पताल की ओपीडी बंद करवाने के लिए गए। इस पर सीएमएस ने कहा कि कोई जिओ है कि ओपीडी बंद की जाए। यह बात सुनते ही सभी लोग भड़क गए और उनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। कुछ देर तक कर्मियों में सीएमएस की इस बात को लेकर रोष व्याप्त हो गया। सभी ओपीडी हाल के गेट पर धरने पर बैठ गए।

## जमीन थी लक्ष्मी नारायण की, लक्ष्मी को खड़ा कर बेच दी, फर्जीवाड़े में 2 गिरफ्तार

**संवाददाता—गोरखपुर।** फर्जी तरीके से जमीन के खरीद—फरोख्त के मामले में सोमवार को खोराबार पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। रजिस्ट्री विभाग में लक्ष्मी नारायण की जमीन को महिला लक्ष्मी को खड़ा कर बेच दिया गया था। मामले में आरोपी लक्ष्मी और जमीन खरीदने वाले दिनेश को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपियों को पुलिस को तलाश है। खोराबार थाने के डांगीपार निवासी पीड़ित लक्ष्मी नारायण की तहरीर पर दर्ज केस के बाद डांगीपार पुलिस चौकी प्रभारी सूर्यकांत पंडित ने जमीन को धोखाधड़ी करके अवैध तरीके से बैनामा करा लेने, वादी के पैसा मांगने पर मारना—पीटना व गाली देने के संबंध में गिरफ्तारी की है। कूटरचित तरीके से जमीन बेचने वाली महिला रामगढ़ थाना क्षेत्र के लहसड़ी खैरा की लक्ष्मी देवी पत्नी प्रदीप निषाद व रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के कजाकपुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र सुमेश्वर साहनी को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित लक्ष्मी नारायण की तहरीर के अनुसार रामगढ़ताल क्षेत्र के लहसड़ी के टोला भागलपुर निवासी तहसीलदार सिंह मुख्य आरोपी है। जबकि रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी—कर्मचारी भी आरोपी हैं। लक्ष्मी के अनुसार उनकी जमीन को कूटरचित तरीके से रजिस्ट्री होने के बाद तहसीलदार सिंह ने अपने भांजे विनोद कुमार के नाम उसी जमीन का गलत तरीके से अनुबंध कराया और फर्जी चेक के माध्यम से कई रजिस्ट्री कराई है, जिसमें भुगतान नहीं हुआ है।

# श्रीराम मंदिर में लिफ्ट का निर्माण शुरू हुआ श्रद्धालुओं को मिल सकेगा सुविधा का लाभ



**संवाददाता—अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर में अब लिफ्ट का निर्माण होने जा रहा है। दो मंजिला मंदिर हो जाने की वजह से दिव्यांग व बुजुर्ग श्रद्धालुओं को ऊपर चढ़ने में दिक्कत के चलते यह फैसला लिया जा रहा है। राम मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। राम मंदिर ट्रस्ट श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी विकसित कर रहा है। इसी क्रम में मंदिर में लिफ्ट लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। मंदिर में तीन लिफ्ट लगाई जा रही है, जिससे दिव्यांग व बुजुर्ग श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

161 फीट ऊंचे तीन मंजिला राम मंदिर का निर्माण अप्रैल 2025 तक पूरा करने की योजना है। भूतल से लेकर दूसरे तल तक की कुल ऊंचाई 60 फीट से अधिक हो जाएगी। ऐसे में श्रद्धालुओं को भूतल से प्रथम और दूसरे तल पर जाने में कोई असुविधा ना हो राम मंदिर ट्रस्ट इसके लिए लिफ्ट भी लगवा रहा है। रामलला के दर्शन को बड़ी संख्या में वीआईपी श्रद्धालु भी आते हैं। इसके अलावा दिव्यांग व बुजुर्ग श्रद्धालु भी दर्शन को पहुंच रहे हैं। ऐसे श्रद्धालुओं के लिए लिफ्ट की सुविधा ट्रस्ट की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया की मंदिर के पश्चिम दिशा में दो लिफ्ट का निर्माण किया जा रहा है। एक लिफ्ट 24 लोगों की क्षमता वाली होगी। वहीं उत्तर दिशा में छह लोगों की क्षमता वाली एक लिफ्ट का भी निर्माण किया जाना है। भूतल से प्रथम व प्रथम से दूसरे तल पर जाने के लिए मंदिर में सीढ़ियों का भी निर्माण किया जा रहा है। बताया की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ से पहले लिफ्ट का काम पूरा हो जाएगा। राम मंदिर में वीआईपी श्रद्धालुओं की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। दर्शन की होड़ के चलते वीआईपी दर्शन के लिए बनाए गए स्लॉट की व्यवस्था अब नाकाफी साबित हो रही है। मंगलवार को वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट दोपहर 1रू00 बजे तक ही फुल हो गए थे। वीआईपी दर्शन के लिए ट्रस्ट की ओर से सुगम व विशिष्ट दर्शन पास जारी किए जाते हैं। इसके लिए सात स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। हर स्लॉट में 400 से अधिक पास जारी किए जाते हैं जो कि अब बढ़ती भीड़ के चलते कम पड़ जा रहे हैं। मंगलवार को दर्शन के सभी सातों स्लॉट दोपहर 1रू00 बजे तक ही फुल हो गए थे। इसके चलते वीआईपी दर्शनार्थियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

# सेन्ट्रल एकेडमी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगितायें शुरू



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । सेन्ट्रल एकेडमी सीनियर सेकेन्डरी स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा समारोह का उद्घाटन मैनेजिग डायरेक्टर सीमा तिवारी ने किया। उप निदेशक अनुज तिवारी ने कहा कि खेलकूद शिक्षा का अभिन्न अंग है और विद्यालय में इस पर विशेष ध्यान दिया जाता है। सरस्वती वंदना, परेड की सलामी के बाद नर्सरी क्लास के बच्चों के बीच पिकप द बाटल, स्नेक रेस, रस्साकशी, चेन गेम, फिल द बास्केट, बनाना रेस, वैलेसिंग गेम में अवनीश, तनीशा, वीर, दिव्यांशी, श्रेष्ठ, उदनेश, सौम्या, दर्पण, अनन्या, महक, लक्ष्मी, जनेरा, मुस्कान, वर्तिका, आयशा, राजश्री आदि बच्चों ने हिस्सा लिया।

जूनियर किक्रेट प्रतियोगिता में सेन्ट्रल एकेडमी सुपर किंग ने सेन्ट्रल एकेडमी नाइट राइडर को 30 रनों से पराजित किया। सीनियर वर्ग में सेन्ट्रल एकेडमी टाइटन्स ने सेन्ट्रल एकेडमी एवेंजर को 6 विकेट से परास्त किया। सीनियर कबड्डी गर्ल्स में सेन्ट्रल एकेडमी सुल्तान ने सेन्ट्रल एकेडमी दबंग को हराया। कब्ड्डी व्यायज में सेन्ट्रल एकेडमी बाजीगर ने सेन्ट्रल एकेडमी तूफान को हराया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सर्वेश, अभिज्ञान, फरहान, ऋृुराज, शिवांश, अमरनाथ, सचिन, हर्षित, रौनक, शिवाकान्त, मानवी, आदि श्री, सृष्टि, खुशी, लकी, शिवांगी, खुशी चौधरी, क्षिप्रा, आदित्यनाथ, अमरनाथ, मयंक, अर्चित, समृद्ध, प्रिन्स, मानसी, कुनाल, प्रियांशु, आशुतोष, आयुष, रवि, अश्विी, गरिमा, मोहनी, आराध्या, अशिकया, अर्नव, विशांक, ऋषभ, शिवांश, अरमान, अन्वी, शिवा, राघवी, अतुल, सात्विक, आरिज, तृषा, सात्विक और अनवी आदि ने अपना श्रेष्ठतम प्रदर्शन किया। विजेताओं को समापन के दिन पुरस्कृत किया जायेगा।

प्रधानाचार्य दीपिका तिवारी ने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा समारोह को सम्पन्न कराने में आबिद अरशद, साक्षी, उन्नति, सुधा, दया, सुनीता, ऋचा, अरीबा, हिमांशु, निखिल, द्विजेन्द्र आदि योगदान दे रहे हैं।

# केरल पुलिस को हराकर सीआरपीएफ जालंधर बना चैंपियन, उत्तर प्रदेश को तीसरा स्थान

**संवाददाता—गोरखपुर।** गोरखपुर के रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ऑल इंडिया प्राइजमनी पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। फाइनल मैच में सीआरपीएफ जालंधर ने केरल पुलिस को 1—0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। उत्तर प्रदेश एकादश ने मां कामाख्या स्पोर्ट्स क्लब बक्सर बिहार को 2—1 से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में केरल पुलिस और सीआरपीएफ जालंधर दोनों ही टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा। दोनों ही टीमों के मजबूत डिफेंस के कारण पहले हाफ में तमाम कोशिशों के बाद भी कोई गोल नहीं हो सका। अंततः पहले हाफ में दोनों टीमों का स्कोर शून्य रहा। दूसरे हाफ में भी सीआरपीएफ जालंधर और केरल पुलिस की टीमें गोल करने के लिए जूझती रहीं। इसी दौरान सीआरपीएफ जालंधर ने शानदार गोल कर 1—0 की बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों ही टीमें गोल की कोशिश करती रहीं लेकिन कोई गोल नहीं हो सका। इस तरह सीआरपीएफ जालंधर ने 1—0 से यह मैच और सीरीज दोनों अपने नाम कर लिया।

इससे पूर्व मंगलवार को सुबह उत्तर प्रदेश एकादश और मां कामाख्या स्पोर्ट्स क्लब बक्सर बिहार के बीच तीसरे स्थान के लिए मैच खेला गया। इसमें यूपी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2—1 से जीत दर्ज की।

मुख्य अतिथि गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ल ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। विजेता टीम को 2 लाख रुपये और ट्रॉफी, उपविजेता को 1 लाख रुपये और ट्रॉफी प्रदान किया। प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाने वाली उत्तर प्रदेश की टीम को 50 हजार रुपये और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। रवि किशन ने कहा कि खेलो इंडिया के माध्यम से केन्द्र सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। राज्य सरकार भी उत्तर प्रदेश में खेलों को लेकर ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। फुटबॉल स्टेडियम हर जिले में हो, इसकी मांग संसद में उठाऊंगा। प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी ने खेलों को लेकर खजाना खोल दिया है। अच्छा खेलकर विश्व और ओलंपिक में पदक लेकर आएं, इस लक्ष्य के साथ काम करें। इस स्टेडियम के लिए प्रदेश सरकार ने 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जल्द ही यह स्टेडियम हाईटेक दिखेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी आले हैदर, उप क्रीड़ाधिकारी आजाद सिंह और धर्मवीर सिंह, उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह आगू, जिला फुटबॉल संघ के सचिव हमजा खान, एनईआर के सहायक क्रीड़ाधिकारी चन्द्र विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# गृहमंत्री के बयान के खिलाफ किया प्रदर्शन, मांगा इस्तीफा

**संवाददाता—गोरखपुर।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से राज्यसभा में आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में राष्ट्रीय अंबेडकर महासभा जन आक्रोश, विरोध प्रदर्शन किया। अंबेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रिका प्रसाद भारती के नेतृत्व हुए प्रदर्शन का संचालन एडवोकेट अविनाश प्रताप प्रजापति ने किया। इस दौरान लोगों ने केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनसे इस्तीफा देने की मांग उठाई।


राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद भारती ने कहा कि 17 दिसंबर 2024 को राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दबे कुचले, पिछड़े व नारी को सम्मान और वंचितों को हक अधिकार दिलाने वाले बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करके आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल गौतम, राष्ट्रीय सचिव अविनाश प्रताप प्रजापति, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओमकार धारिया, प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम बौद्ध, प्रदेश सचिव सोनू पासवान, प्रदेश सचिव पूनम कुमारी बौद्ध, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रदेश सचिव सुरेश कुमार आदि लोगों ने गृह मंत्री के बयान की निंदा की। इस दौरान आशीष कुमार भारती, मकसूदन, सुरेश प्रसाद, सीताराम बौद्ध, डीएन बौद्ध, सूर्या विश्वास, मनोज कुमार, पुरुषोत्तम कुमार बौद्ध, डॉ. अनिल कुमार गौतम, पार्वती देवी, मोतीलाल, सोनू पासवान, अविनाश प्रजापति, डॉ.कमलेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## घायल युवक की मौत, भाई ने शव लेने से किया इनकार

**संवाददाता—गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाजरत युवक की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मेडिकल चौकी पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी तो उन्होंने शव लेने से इनकार कर दिया। गुलरिहा पुलिस शव को मर्चरी गृह में रखकर परिजनों का इंतजार कर रही है।

गीडा थाना क्षेत्र के सराय छपिया निवासी इरशाद 25 वर्ष पुत्र इम्तियाज अज्ञात कारणों से घायल होकर संतकबीरनगर जिले के जिला अस्पताल में भर्ती था। सोमवार की दोपहर हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जिसे खलीलाबाद कोतवाली पुलिस सोमवार की शाम बीआरडी भर्ती कराकर चली गई थी। गंभीर रूप से घायल युवक कि मंगलवार की सुबह मौत हो गई। मेडिकल चौकी पुलिस ने मृतक के बड़े भाई नौशाद को सूचना दी तो उसने सगे भाई का शव लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद गुलरिहा पुलिस ने शव को मर्चरी गृह में रखवा दिया।

# पिकअप से ले जा रहे थे 10 गोवंश, पीछे थी पुलिस, घिरा देखकर गाड़ी छोड़ भागे, 2 गिरफ्तार



**संवाददाता—गोरखपुर।** जानकारी के अनुसार, पुलिस रात में सक्रिय हो रहे गोवंश तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रही है। कैंट पुलिस ने सोमवार की रात रेलवे स्टेशन रोड के पास से पिकअप में लादकर गोवंश ले जाने की सूचना मिली। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर भागने लगे। पुलिस नि पीछा कर एक तस्कर को पकड़ लिया। गोवंश तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार की रात कैंट पुलिस को बड़ी सफलता मिली। दो अलग – अलग जगहों से घेराबंदी कर पुलिस ने दो पिकअप को पकड़ा। गाड़ी छोड़ कर भाग रहे दो तस्करों को पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। जबकि अन्य साथी भागने में सफल रहे। दोनों गाड़ी में पांच – पांच गोवंश लदे हुए थे। जानकारी के अनुसार, पुलिस रात में सक्रिय हो रहे गोवंश तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रही है। कैंट पुलिस ने सोमवार की रात रेलवे स्टेशन रोड के पास से पिकअप में लादकर गोवंश ले जाने की सूचना मिली। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर भागने लगे। पुलिस नि पीछा कर एक तस्कर को पकड़ लिया।

पुलिस ने पिकअप में लदा पांच गोवंश बरामद किया। इसी प्रकार इंजीनियरिंग कॉलेज के पास से भी पुलिस ने एक पिकअप को पकड़ा। एक तस्कर को गिरफ्तार कर पांच गोवंश बरामद किया। पुलिस की पूछताछ में उनकी पहचान कुशीनगर जिले के कोतवाली क्षेत्र के सिधारी गांव निवासी गंगेश कुशवाहा और बसिया गांव निवासी सहबाज के रूप में हुई। पुलिस उनके खिलाफ केस दर्ज कर करवाई में जुट गई है।

## जन सुविधाओं से लैस होंगी जिले की सहकारी समितियां

**संवाददाता—अम्बेडकरनगर।** किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब जिले की साधन सहकारी समितियां जन सुविधाओं से लैस होंगी। इसके लिए समितियों का गठन शुरू कर दिया गया है। इन समितियों से किसानों को करीब तीन सौ प्रकार की सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी। जिले के सभी 111 न्याय पंचायतों में सचालित बी—पैक्स को अब समिति के रूप में संचालित किया जाएगा। हर समिति में 30 सदस्य अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। इसकी निगरानी के लिए सहकारिता विभाग के सचिवों की जिम्मेदारी होगी। समिति गठन के लिए जिलाधिकारी ने सीडीओ की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम बनाई है। अब ये समितियां खाद बीज वितरण व क्रय केन्द्र तक सीमित नहीं रहेंगी। यहां पर बिजली बिल भुगतान, खतौनी की नकल व जन औषधि केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। जनसेवा केन्द्र पर मिलने वाली सभी सुविधाओं के अलावा दुग्ध डेयरी तथा मत्स्य पालन के लिए किसानों को ऋण प्रदान किया जाएगा। न्याय पंचायतों में संचालित साधन सहकारी समितियों को बी—पैक्स नाम से कर दिया गया है। शासन के निर्देश पर अब सहकार से समृद्धि योजना के तहत बंद पड़ी समितियां फिर से संचालित जाएंगी। वर्तमान में भीटी विकास खंड में तीन व रामनगर में दो समितियां बंद हैं।

# 15 कॉलोनियों के हस्तांतरण के लिए जल्द सौंपे जाएंगे अभिलेख

**संवाददाता—गोरखपुर।** गोरखपुर विकास प्राधिकरण की 15 कॉलोनियां जल्द ही नगर निगम को हस्तांतरित हो जाएंगी। कॉलोनियों के हस्तांतरण को लेकर अभिलेख संबंधी कार्रवाई चल रही है। नगर निगम सभागार में 22 नवंबर को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन और नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के नेतृत्व में हुई बैठक में कॉलोनियों के हस्तांतरण पर सहमति बनी थी। बैठक में यह भी तय हुआ था कि कॉलोनियां की साफ—सफाई के लिए नियुक्त की गई एजेंसी को प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शुल्क, नियम एवं शर्तों के साथ ट्रांसफर कर दिया जाए। इसके अलावा योजनाओं के रख—रखाव के लिए आवश्यक धनराशि भी प्राधिकरण, नगर निगम को उपलब्ध कराएगा। इस संबंध में जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन का कहना है कि कोशिश है कि जल्द सभी 15 कॉलोनियां नगर निगम को हैंडओवर हो जाएं। निगम की सहमति मिल चुकी है। ओवरहेड टैंक की मरम्मत समेत जो कुछ कार्य बाकी हैं, नगर निगम उसका इस्टीमेट तैयार कर रहा है। प्राधिकरण इसके लिए निगम को धन उपलब्ध कराएगा। , नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि नगर निगम, प्राधिकरण की 15 कॉलोनियों का हैंडओवर जल्द ही ले लेगा। कुछ इस्टीमेट तैयार कराए जा रहे हैं। डोर—टू—डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए चयनित निजी एजेंसी भी अनुबंध खत्म होने तक नगर निगम को सेवा देगी। वसुन्धरा इन्क्लेव प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आवासीय योजना, लोहिया इन्क्लेव आवासीय योजना, वैशाली आवासीय योजना, यशोधरा कुंज आवासीय योजना, अमरावती निकुंज आवासीय योजना, कारपोरेट योजना, बुद्ध विहार आवासीय योजना पार्ट—ए, बुद्ध विहार आवासीय योजना पार्ट—बी, बुद्ध विहार आवासीय योजना पार्ट—सी आम्रपाली आवासीय योजना, सिद्धार्थपुरम विस्तार आवासीय योजना, गौतम विहार विस्तार आवासीय योजना, शास्त्रीनगर योजना, गोलघर स्थित जीडीए टावर, लेक व्यू अपार्टमेंट

## ससुर—देवर पर ईंट से हमला करने का आरोप

**संवाददाता—गोरखपुर।** खोराबार इलाके के जंगल चवरी की तिवारी टोला निवासी इंदु देवी ने अपने ससुर रामाश्रय, देवर राजकुमार पर मारपीट का केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले ससुर को 25 हजार रुपये जमीन खरीदने के लिए दी थी। पति के बीमार होने पर ससुर से 5 हजार रुपया लिया था। एक माह पहले पति की मौत हो गई। 22 दिसंबर की शाम शेष 20 हजार रुपया मांगा तो ससुर व देवर ने मारपीट की। ईंट से हमला कर दिया।

## गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम की मनाई जयंती

**संवाददाता—अम्बेडकरनगर।** महान गणितज्ञ रीनिवास रामानुजन इयंगर का जन्मदिन विद्यालयों में मनाया गया। जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर में राष्ट्रीय गणित मेले का आयोजन हुआ। प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा रहे। देवरिया बाजार संवाद के अनुसार प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि मेले का उद्देश्य गणित के प्रति सभी में जागरूकता उत्पन्न करना तथा गणित को रुचिकर बनाना होता है। मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी चन्द्र प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान हम सभी को प्रदान किया है। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं ने गणित प्रदर्श, विभिन्न प्रकार के मॉडल व चार्ट, सलाद चार्ट, क्विज, रंगोली व विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस दौरान पिछले दिनों 52वीं राज्य स्तरीय गणित माडल की बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में हिस्सा लेकर विशेष स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय के 12बी की छात्रा अंशिका मिश्रा को स्मृतिचिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जय बजरंग पब्लिक इंटर कालेज सिपाह में भी गणित दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर आयकर अधिकारी चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। मेले में अभिनव सिंह, आर्यन वर्मा, रिया यादव, रोहित, रुचि, नूतन पांडे समेत दो दर्जन से अधिक छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्युतनगर संवाद के अनुसार एनटीपीसी टांडा के टाउनशिप परिसर में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ आचार्य मनमोहन, राम आशीष, हरिदेव व अन्य मौजूद रहे।

# नारी शक्ति के संरक्षण से ही देश होगा मजबूत—महेश सिंह



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

बस्ती । आर्य समाज नई बाजार बस्ती द्वारा स्वामी दयानन्द विद्यालय सुरतीहट्टा बस्ती में आयोजित आर्य वीरांगना चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ महेश सिंह थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती ने वैदिक यज्ञ के पश्चात ध्वजारोहण से किया। बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के संरक्षण से देश मजबूत होगा। संस्कृत व संस्कृति दोनों एक—दूसरे के पूरक हैं— "संस्कृति संस्कृताश्रिता"। संस्कृत भाषा व आर्य शिक्षा की रक्षा गुरुकुल करते रहें तथा इस समाज में संस्कार देने, उत्साह भरने व युवाओं को भटकाव से बचाने का कार्य केवल आर्य वीर दल कर सकता है जो की शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति में ही निहित है। राष्ट्र में शारीरिक शक्ति से सम्पन्न, मानसिक संकल्पों से रक्षित,आत्मिक दृढ़ता से युक्त युवा समाज केवल आर्यवीर दल ही दे सकता है। आर्य समाज में प्रविष्ट होकर जीवन सुरक्षित व व्यवस्थित होता है यह सन्देश समाज तक देने वाले आचार्य, उपदेशक, प्रचारक, पुरोहित अपने—अपने स्तर से निरंतर कार्य कर रहे हैं। जीवन के प्रथम चरण से ही किशोर और किशोरियों को सुसंस्कृत,शक्तिसंपन्न बनाकर सेवा के लिए समर्पित करने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को वैदिक साहित्य भेंट किया गया। ओमप्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज नई बाजार बस्ती ने कहा कि आर्य वीर दल का मुख्य उद्देश्य संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय, सेवाकार्य है। इस शिविर के माध्यम से प्रशिक्षिकाओं द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर जैसे लाठी, नियुद्धम, नानचक्र, योग और यज्ञ आदि सिखाते हुए उन्हें प्रतिभासम्पन्न एवं चरित्रवान बनाना है। हरिद्वार से पधारे आचार्य योगेन्द्र मेधावी ने कहा कि शारीरिक उन्नति के लिये आहार, निद्रा, ब्रह्मचर्य, स्वाध्याय के स्तम्भों को सुदृढ़ बनाये रखना आवश्यक है। शारीरिक, आत्मिक एवं चारित्रिक रूप से बलवान् मनुष्य रत्न के समान चमकता हुआ चहुँ ओर अपनी अलग प्रतिष्ठा, सम्मान व पहचान बनाता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिविर संचालक आदित्यनारायण गिरि ने कहा कि सेवा मानव को मानव से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। सेवा करना तप समान है। सेवा करने वाले के हृदय में प्रेम, करुणा, उदारता, परोपकार और सहनशीलता का होना आवश्यक है। उत्तम संस्कृति का अनुसरण अपने पूर्ण पुरुषार्थ द्वारा शारीरिक एवं चारित्रिक बल को अर्जित कर मानवमात्र की सेवा में लगा देना ही आर्य वीर दल का उद्देश्य है। इस शिविर के माध्यम से बालिकाओं को आपसी सहयोग, सुरक्षा, स्वच्छता और स्वावलंबन के तौर तरीके सिखाए जाएंगे। शिविर का समापन दिनांक 30 दिसंबर को दोपहर में होगा।

# जिला जेल का प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया

**संवाददाता—गोरखपुर।** जिला जेल गोरखपुर में मंगलवार को जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोरखपुर के निर्देशानुपालन में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विकास सिंह अपर सत्र न्यायाधीश और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल पाकशाला में बन्दियों के लिये बन रहे भोजन के गुणवत्ता को चेक किया। जिला जेल के बैरकों, लीगल एण्ड क्लीनिक, अस्पताल के साथ महिला बैरक का निरीक्षण किया और सर्दी के मौसम के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश जेल प्रशासन को दिया।

## नवागत एसपी ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** नवागत एसपी डॉ अभिषेक महाजन ने मंगलवार को विभ्न्न कार्यालयों का निरीक्षण कर संबंधितों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने साफ सफाई पर जोर दिया। नवागत एसपी ने पुलिस कार्यालय के पासपोर्ट सेल, रिट सेल, मानीटरिंग सेल, फीडबैक सेल, चुनाव सेल, साइबर थाना, सीसीटीएनएस, आईजीआरएस व अन्य शाखाओँ का निरीक्षण किया। संबंधितों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिया। कहा कि फाइलों का सही से रख रखाव होना चाहिए। कामों को निश्चित समय सीमा में निपटाने का काम करें। साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक—**दिनेश सिंह**

संयुक्त सम्पादक—**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या—फैजाबाद कार्यालय—** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या—फैजाबाद

**लखनऊ कार्यालय—** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

**गोरखपुर कार्यालय—** इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com

bhartiyabasti@gmail.com